kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-69 ❒ गुरुवार, 09 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



'वंदे मातरम' गीत माँ भारती के प्रति अटूट प्रेम, बलिदान और आत्मसम्मान का प्रतीक है। साथ ही बंकिम चंद्र की प्रसिद्ध कृति 'आनंदमठ' ने भी राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **केशव प्रसाद**

द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनायेंगे भारत और बंगलादेश 11

एनएनएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'आरोग्य वन' करेगा विकसित 12

## संक्षेप

### हरियाणा में अग्निवीरों को मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य की सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने को मंजूरी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अग्निवीरों को अग्निवीर पॉलिसी, 2024 में संशोधन करते हुए फॉरेस्ट गार्ड, वार्डर और माइनिंग गार्ड जैसे पदों में मिलने वाले हॉरिजेंटल आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। सरकार का मानना है कि अग्निवीरों के पास सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन और फील्ड का अनुभव होता है, जिसका उपयोग सुरक्षा से जुड़े विभागों में बेहतर तरीके से किया जा सकता है। मंत्रिमंडल ने अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने के फैसले को मंजूरी दी है। अब न्यूनतम मजदूरी 11,257 से बढ़ाकर 15,220 रुपये प्रतिमाह कर दी जाएगी। यह बढ़ोतरी वर्ष 2026-27 से लागू होगी और इससे लाखों श्रमिकों को आर्थिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### राणा अय्यूब की 'एक्स' पर की गईं पोस्ट आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं सांप्रदायिक

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पत्रकार राणा अय्यूब की 'एक्स' पर की गई कुछ पोस्ट को बुधवार को बेहद आपत्तिजनक, भड़काऊ और सांप्रदायिक बताया तथा इन्हें हटाने संबंधी याचिका पर उनसे जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव एक वकील की उस याचिका की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अय्यूब की पोस्ट से हिंदू देवी-देवताओं और सम्मानित ऐतिहासिक हस्तियों का अपमान हुआ है। न्यायाधीश ने कहा कि इन पोस्ट के संबंध में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया है। अदालत ने केंद्र, दिल्ली पुलिस और 'एक्स' को मिलकर काम करने और 24 घंटे में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम समिति में बदलाव किया

**नयी दिल्ली।** कक्षा आठवीं की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में ''न्यायपालिका में भ्रष्टाचार'' से संबंधित एक खंड को लेकर उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यक्रम समिति का पुनर्गठन किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनसीईआरटी की उच्च स्तरीय 20-सदस्यीय राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पठन-पाठन सामग्री समिति (एनएसटीसी) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के निदेशक वी कामकोटी; भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष रघुवेन्द्र तंवर; 'नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी' के पूर्व कुलपति आर वेंकट राव और केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक-प्रभारी अमरेन्द्र प्रसाद बेहेरा शामिल हैं। पहले इस समिति में 22 सदस्य थे।

# उर्वरकों पर 41,533 करोड़ रुपये के सब्सिडी को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने किसानों के लिए खरीफ मौसम में उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी में 4317 करोड़ रुपये की बढोतरी करते हुए 41,533 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उर्वरक विभाग के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्चिनी वैष्णव ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह सब्सिडी पैकेज खरीफ मौसम यानी एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक के लिए फॉस्फ़ेटिक और पोटाशिक (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों मे दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ रुपये होगी जो पिछले वर्ष के खरीफ मौसम की बजटीय आवश्यकता से लगभग 4,317 करोड़ रुपये अधिक है। खरीफ 2025 का बजट 37,216.15 करोड़ रुपये था। श्री वैष्णव ने कहा कि किसानों को सब्सिडी दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सस्ती, किफायती और उचित कीमतों पर सुनिश्चित की जाएगी। उर्वरकों और इनपुट की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के ताजा रुझानों को ध्यान में रखते हुए पी एंड के उर्वरकों पर सब्सिडी का युक्तिकरण किया जाएगा। डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड सहित पी एंड के उर्वरकों पर सब्सिडी खरीफ मौसम के लिए स्वीकृत दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी, ताकि किसानों को ये उर्वरक किफायती कीमतों पर सुचारु रूप से उपलब्ध हो ● शेष पेज 11 पर



# रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर

**एजेंसी**



❒ पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने, महंगाई बढ़ने की आशंका: आरबीआई

❒ वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने और खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका जाहिर करते हुए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को समाप्त बैठक में नीतिगत दरों को स्थिर रखने तथा 'इंतजार करो और नजर रखो' की नीति अपनाने का फैसला किया।

एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय किया। साथ ही अपना रुख तटस्थ बनाये रखा है। साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी। वित्त वर्ष 2026-27 में और पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत के बाद हुई एमपीसी की पहली बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों और उनके घरेलू असर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में सात प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि ईंधन और अन्य कॅमोडिटी की बढ़ती कीमतों के कारण चालू वित्त वर्ष में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 4.6 प्रतिशत पर रहेगी। चारों तिमाहियों में इसके क्रमशः चार प्रतिशत, 4.4 प्रतिशत, 5.2 प्रतिशत और 4.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। जोखिम इसके ऊपर की ओर बढ़ने का अधिक है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नकारात्मक जोखिम बढ़ रहे हैं क्योंकि ईंधनों की कीमतों में तेज वृद्धि और विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कमी के कारण मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया संकट से ● शेष पेज 11 पर

# दो सप्ताह का संघर्ष विराम

## अमेरिका-ईरान संघर्ष

## 10 अप्रैल से स्थायी शांति पर इस्लामाबाद में वार्ता

**एजेंसी**

वाशिंगटन/तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ अमेरिका-ईरान संघर्ष 40 दिन के बाद संघर्षविराम पर पहुंच गया है।

इजरायल ने भी ईरान के साथ संघर्षविराम पर सहमति जताई है, लेकिन इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह भी कहा है कि वह लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन के समयानुसार शाम 06:32 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 4:02 बजे) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह ईरान पर नियोजित सैन्य हमलों को दो सप्ताह की अवधि के लिए स्थगित कर देंगे। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भी कुछ घंटे बाद संघर्षविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। संघर्षविराम की मध्यस्थता की पहल करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने भी दो सप्ताह के संघर्षविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इसे अंतिम रूप देने के लिए शांति वार्ता करेंगे। श्री ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित किया जा रहा है ताकि वार्ता आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह ''दोनों पक्षों का संघर्षविराम'' होगा और अमेरिका अपने सैन्य उद्देश्यों को पहले ही हासिल कर चुका है। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ''पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ और फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर और इस शर्त पर कि इस्लामिक गणराज्य ईरान 'होर्मुज़ जलडमरूमध्य' को पूरी तरह, तत्काल और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो जाए, मैं दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को स्थगित करने पर सहमत हूं। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के साथ बातचीत के बाद लिया गया, जिन्होंने संयम बरतने की अपील की थी। श्री ट्रंप ने कहा कि संघर्षविराम इस शर्त पर आधारित है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत होगा। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से मिले 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के लिए ''व्यावहारिक आधार'' माना गया है और अधिकांश मतभेदों को सुलझा लिया गया है। इस बीच, श्री अराघची ने पुष्टि की कि ईरान दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत है और इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम में भूमिका निभाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एक्स पर कहा, ''इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं अपने प्रिय भाइयों, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर के क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूं। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि 10 अप्रैल से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होगी। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वार्ता युद्ध का अंत नहीं है और यदि किसी भी पक्ष की ओर से उल्लंघन हुआ तो ईरान कड़ा जवाब देगा। दूसरी ओर, श्री शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस्लामिक गणराज्य ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेबनान और अन्य स्थानों सहित हर जगह तत्काल संघर्षविराम के लिए सहमत हो गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा, ''मैं इस विवेकपूर्ण कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं उनके प्रतिनिधिमंडलों को शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को इस्लामाबाद आमंत्रित करता हूं, ताकि सभी विवादों को सुलझाने के लिए एक निर्णायक समझौते हेतु आगे की बातचीत की जा सके। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, लेकिन अब संघर्षविराम और प्रस्तावित वार्ता से कूटनीतिक समाधान की संभावना बनी है।



तेहरान में युद्धविराम का जश्न मनाते स्थानीय लोग

❒ अमेरिका-ईरान युद्धविराम में 'लेबनान शामिल नहीं है' : नेतन्याहू

### भारत ने युद्धविराम का स्वागत किया, स्थाई शांति की उम्मीद

❒ भारत ने ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी

**नयी दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुये युद्धविराम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थाई शांति स्थापित होगी। भारत ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों से दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द देश से बाहर निकालने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर बुधवार को एक वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत पहले से ही इस विवाद के संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर देता रहा है। मंत्रालय ने कहा है, ''हम संघर्ष विराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, तनाव में कमी, संवाद और कूटनीति ही संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को अत्यधिक कष्ट पहुँचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक नेटवर्क को बाधित किया है। हमें उम्मीद है कि होर्मुज़ ● शेष पेज 11 पर

# धर्म में अंधविश्वास क्या है, इसका फैसला करने का हमें अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**



❒ सरकार का विरोध, न्यायिक विशेषज्ञता और धार्मिक विविधता पर सवाल

नई दिल्ली। सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट अब धर्म के भीतर अंधविश्वास की परिभाषा तय करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार कर रहा है। बुधवार को एक नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है।

यह टिप्पणी केंद्र सरकार की उस दलील के जवाब में आई, जिसमें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती, क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, न कि धर्म के। मेहता ने तर्क दिया कि यदि कोई प्रथा अंधविश्वास मानी भी जाती है, तो यह तय करना अदालत का काम नहीं है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत विधायिका का काम है कि वह सुधार कानून बनाए। उन्होंने कहा कि विधायिका किसी विशेष प्रथा को अंधविश्वास बताकर उसमें सुधार कर सकती है, जैसा कि जादू-टोना और अन्य ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मेहता के इस तर्क

# मुद्रा योजना ने उद्यमशीलता की भावना को मज़बूत किया : मोदी

**एजेंसी**



नई दिल्ली। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की मकसद से लाई गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता बताती है कि सही अवसर मिलने पर व्यक्ति न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दे सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ‟प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 11 वर्षों में बिना गारंटी ऋण देकर छोटे उद्यमियों, महिलाओं और हुनरमंद हाथों को आत्मनिर्भरता का भरोसा दिया। आज यही योजना छोटे कारोबार, नए अवसर और मजबूत भारत की पहचान बन चुकी है। आज से ठीक 11 वर्ष पहले शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं के स्वरोजगार में बहुत मददगार साबित हुई है। इस योजना की सफलता बताती है कि सही अवसर मिलने पर व्यक्ति न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दे सकता है। इस अवसर पर उन्होंने एक 'संस्कृत सुभाषितम' भी

# दो दिन में पूरी हो जनगणना पहले चरण की तैयारी : मुख्य सचिव

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❒ प्रदेश में 5.5 लाख प्रगणकों का डिजिटल डेटाबेस तैयार

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दो दिनों में जनगणना-2027 के पहले चरण की तैयारियां पूरी कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना-2027 के प्रथम चरण में राज्य में मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आनलाइन जुड़े भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने भी दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि घनी शहरी, झुग्गी तथा उच्च गतिशील आबादी वाले क्षेत्रों में पूर्ण और सटीक गणना सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में लगभग 5.5 लाख प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उनके सत्यापित विवरण समेत अद्यतन डिजिटल डेटाबेस 10 अप्रैल तक तैयार कर लिया जाए।

कहा कि सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को फील्ड तैनाती से पूर्व अनिवार्य, समग्र तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण 16 अप्रैल से सात मई के बीच पूरा कराया जाए। मकान सूचीकरण व गणना ब्लाकों का स्पष्ट सीमाओं के साथ सटीक तथा त्रुटिरहित निर्धारण सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी सहायकों की भर्ती शीघ्र पूरी कर जियो टैगिंग और सीमांकन कार्य को मजबूत बनाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी जनगणना में आम जनता के लिए स्व-गणना का प्रावधान किया गया है। सभी नागरिकों के लिए समावेशी व्यवस्था और आवश्यक सहायता ● शेष पेज 11 पर

## हर प्रभावित किसान व बटाईदार को त्वरित राहत, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी : मुख्यमंत्री योगी

# हर किसान तक सहायता पहुंचाना प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। असमय बारिश, ओलावृष्टि तथा कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार की सुबह इस संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विपरीत परिस्थिति में अन्नदाता का चिंतित होना स्वाभाविक है और राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं किसानों से संपर्क कर उन्हें बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकतम राहत उपलब्ध हो सके।

राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित किसानों को त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से सहायता प्रदान की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां राहत शिविर स्थापित किए जाएं तथा मंडी समितियों के माध्यम से भी किसानों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

अग्निकांड की घटनाओं पर विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत शीघ्र लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रत्येक किसान, कृषक परिवार एवं बटाईदार के साथ पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार से ही मौसम खराब है। कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार की शाम को बूंदा-बांदी शुरू हुई थी। पूरी रात और सुबह भी हल्की बारिश हुई है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने चेताया है कि अगले 48 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में तेज बारिश हो सकती है।




### कृषि को 'उत्पादन से समृद्धि की ओर' तक ले जाने का समय: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 का शुभारंभ करते हुए कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्पष्ट और दूरदर्शी रोडमैप प्रस्तुत किया। योगी ने कहा कि अब समय आ गया है कि कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर उसे उत्पादकता, लाभप्रदाता और अंततः समृद्धि तक ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब देश का अन्नदाता समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिवसीय इस कांग्रेस के माध्यम से कृषि के विभिन्न आयामों पर गंभीर मंथन होगा और यह मंच केवल चर्चा का नहीं, बल्कि ठोस कार्ययोजना तैयार करने का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि सीमित कृषि योग्य भूमि के बावजूद उत्तर प्रदेश देश के खाद्यान्न उत्पादन ● शेष पेज 11 पर

# भगवान राम और निषादराज गुह्य की मित्रता भारतीय संस्कृति में सच्ची निष्ठा, भक्ति और आत्मीयता का अद्वितीय उदाहरण: ए के शर्मा

**नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जनपद के मर्यादपुर में आयोजित निषाद राज जयंती कार्यक्रम में प्रतिभाग किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जनपद के मर्यादपुर में आयोजित निषाद राज जयंती कार्यक्रम में प्रतिभाग कर निषाद समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समाज के समग्र विकास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने निषाद समाज की भूमिका और योगदान का उल्लेख करते हुए रामचरितमानस के प्रसिद्ध केवट प्रसंग को बड़े ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम और निषादराज गुह्य की मित्रता भारतीय संस्कृति में सच्ची निष्ठा, भक्ति और आत्मीयता का अद्वितीय उदाहरण है। वनवास के कठिन समय में निषादराज द्वारा भगवान राम की सहायता, विशेष रूप से गंगा नदी पार कराने की घटना, यह दर्शाती है कि सच्चे संबंध जाति और वर्ग से ऊपर होते हैं। यह प्रसंग समाज को आपसी विश्वास, सहयोग और समानता का संदेश देता है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज के समय में इस प्रकार के प्रेरक प्रसंगों से सीख लेकर समाज में आपसी सौहार्द और एकजुटता को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि सभी को समान अवसर और सम्मान मिल सके।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार ल्लसबका साथ, सबका विकासङ्क की भावना के साथ कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने निषाद समाज के युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाएं और देश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।इस अवसर पर रुद्रपुर, देवरिया के विधायक श्री जयप्रकाश निषाद भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में निषाद समाज की एकता, संघर्ष और प्रगति पर प्रकाश डालते हुए समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयासों पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय नागरिक एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शहर के स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर निगम अपनाएगा हाईटेक व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। शहर की सड़कों और गलियों को दूधिया रोशनी से चमकाने और खराब लाइटों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए नगर निगम अब हाईटेक व्यवस्था अपनाने जा रहा है।

सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में बुधवार को.आलोक व परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने खराब स्ट्रीट लाइटों की पहचान और शिकायत के लिए क्यूआर कोड या जीआई बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड पर विधानसभा, वार्ड और मोहल्ले के कोड के साथ स्ट्रीट लाइट का नंबर भी दर्ज होगा, जिससे आम नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने में आसानी होगी और निगम प्रशासन 48 घंटों के भीतर लाइटों की मरम्मत सुनिश्चित कर सकेगा।?शहर में वर्तमान में अधिकांश लाइटें ईईएसएल कंपनी की हैं, जिनके रखरखाव की अवधि दिसंबर में समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में निगम अपने स्तर पर व्यवस्था संभाल रहा है, जिसे देखते हुए महापौर ने तत्काल नई फर्म के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। उन्होंने दो हजार लाइटों का स्टॉक रखने का निर्देश दिया ताकि खराब लाइटों को तत्काल बदला जा सके। इसके साथ ही महापौर ने पार्षदों के कोटे की लाइटें एक सप्ताह में लगवाने और चिन्हित 18 वार्डों में 999 सोलर लाइट व 130 हाई मास्ट लाइटें लगाने की योजना को जल्द धरातल पर उतारने पर जोर दिया। ?बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने निगम की आय बढ़ाने और फिजूलखर्ची रोकने के लिए नवाचार पर बल दिया। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि इस बार देव दीपावली पर किराए की झालरों के बजाय प्रयोग के तौर पर निगम खुद की झालरें खरीदकर कुछ कुंडों या घाटों को सजाएगा, जिससे भविष्य में बड़े खर्च की बचत होगी। वहीं, परिवहन विभाग की समीक्षा में महापौर ने वाहनों की मरम्मत को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि अब कोई भी वाहन निगम के वर्कशॉप में ठीक नहीं होगा, बल्कि अनिवार्य रूप से अधिकृत सर्विस सेंटर के माध्यम से ही सर्विसिंग करानी होगी। उन्होंने जोनल स्वच्छता अधिकारियों को भी फील्ड में उतरने और कहीं भी कूड़ा दिखने पर तत्काल उठवाने की जिम्मेदारी सौंपी।

## प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में फ़ेरबदल, अधिकारियों को मिले नए दायित्व

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पुलिस कमिश्नरेट में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पदोन्नति और कार्य व्यवस्था के तहत कई अपर पुलिस उपायुक्तों को नए प्रभार सौंपे गए हैं।श्री राजकुमार मीना को अपर पुलिस उपायुक्त नगर/साइबर अपराध की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं श्री विजय आनंद को अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर बनाया गया है। इसके अलावा श्री जोगेंद्र लाल को प्रोटोकॉल, लाइसेंस एवं अपराध का दायित्व सौंपा गया है।इसी क्रम में अवकाश से वापस लौटीं श्रीमती निकिता श्रीवास्तव को सहायक पुलिस आयुक्त अतरसुइया का कार्यभार दिया गया है।प्रशासन का मानना है कि इस फ़ेरबदल से कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली में और सुधार होग।

## चर्च की संपत्ति बेचने के आरोपों से घिरे ऐलन दान, ईसाई समाज में आक्रोश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सिविल लाइंस स्थित चर्च संपत्ति को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। ईसाई समाज ने डायोसिस ऑफ लखनऊ के बिशप मॉरिस एडगर दान के पुत्र ऐलन दान पर चर्च की जमीन को अवैध तरीके से बेचने और कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर समाज में आक्रोश व्याप्त है और जल्द ही मुकदमा दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है।बताया जा रहा है कि महात्मा गांधी मार्ग स्थित चर्च लैंड पर कथित रूप से अवैध तरीके से गेट लगाए जाने का मामला हाल ही में चर्चा में आया था, जिसके बाद यह विवाद और गहराता गया। ऐलन दान का नाम पहले भी एक मामले में सामने आ चुका है, जिसमें उन पर गर्ल्स विंग में प्रिंसिपल के साथ बदसलूकी और लूटपाट के आरोप में मुकदमा दर्ज होने की बात कही जा रही है।सूत्रों के अनुसार प्रयागराज, जौनपुर, गोरखपुर और आजमगढ़ समेत कई जिलों में चर्च व स्कूल की जमीनों को कथित रूप से कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बेचे जाने के आरोप हैं। इस मामले में लखनऊ डायोसेसन ट्रस्ट एसोसिएशन (एलडीटीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि पूर्व सचिव को हटाकर ऐलन दान को सचिव बनाया गया, जिस पर भी आपत्ति जताई जा रही है।हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि प्रकरण में जल्द ही विधिक कार्रवाई हो सकती है।

## गोंदिया में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों का रूट बदला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर मध्य रेलवे ने जानकारी दी है कि नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के शैडो ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यह बदलाव अप्रैल से मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। रेलवे के अनुसार हैदराबाद-गोरखपुर (07075) और गोरखपुर-हैदराबाद (07076) सहित कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। इसी क्रम में बेंगलुरु-लालकुआं (05073), लालकुआं-बेंगलुरु (05074), बेंगलुरु-दानापुर (06509) और दानापुर-बेंगलुरु (06510) ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। इन ट्रेनों को वर्धा, बडनेरा, चांदुर बाजार, नरखेड़ और इटारसी के रास्ते संचालित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और मार्ग की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी असुविधा से बचा जा सके। रेल प्रशासन का कहना है कि यह बदलाव आवश्यक तकनीकी कार्य को पूरा करने के लिए किया गया है, जिससे भविष्य में रेल संचालन और अधिक सुरक्षित एवं सुचारु हो सके।

## प्रयागराज में युवक की गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** करेली थाना क्षेत्र के बाजूपुर इलाके में 35 वर्षीय इरफान नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने इरफान को निशाना बनाते हुए उस पर फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रयागराज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## गद्दी गैंग के सक्रिय सदस्य को अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने दबोचा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के थाना दुबग्गा क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गद्दी गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से .315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस के मुताबिक गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी में हथियार मिलने के बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद साहिल (उम्र करीब 19 वर्ष) के रूप में हुई है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था और गद्दी गैंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और पुलिस गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है।

## करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में आयोजित हुआ दो दिवसीय क्षितिक्ष कार्यक्रम

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में बुधवार को कॉलेज के मैनेजर सैयद नावेद अहमद साहब और प्राचार्या प्रो. हुमा ख़्वाजा साहिबा के कुशल मार्ग दर्शन में कबीर मंजरी कल्चरल क्लब एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम (07 एवं 08.04.2026) 'क्षितिज' के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। कार्यक्रम का आरंभ दुआ से हुआ। अतिथिगण को पुष्प एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के दूसरे दिन एकल गायन, एकल नृत्य, लोकगीत एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। । इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए अपनी गौरवशाली उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा रहीं माननीया मुख्य अतिथि मेटाफ़र लखनऊ लिटफ़ेस्ट की संस्थापक- निदेशक सुश्री कनक रेखा चौहान ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम होती हैं। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. हुमा ख़्वाजा साहिबा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्राओं की प्रतिभा को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती हैं एवं उनके बहुमुखी विकास में सहायक होती हैं।

# अतिवृष्टि, ओलावृष्टि के सर्वेक्षण में लापरवाही न बरते अधिकारी: कृष्ण भैया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। यमुनापार में निरंतर हो रही बारिश और ओला गिरने से हुए नुकसान के सर्वेक्षण में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तहसील के संबंधित अधिकारी पारदर्शी सर्वेक्षण कराकर शासन को अतिशीघ्र रिपोर्ट भेजे, सर्वेक्षण में किसानों की शिकायत आने पर संबंधित अधिकारियों की शिकायत उच्चाधिकारियों तक की जाएगी उक्त बाते कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह (कृष्ण भैया) ने एक भेंट वार्ता के दौरान कही ।

पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के पौत्र दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा की यमुनापार मेरा परिवार है और यमुनापार की अधिकांश आबादी का जीवनयापन का माध्यम कृषि पर निर्भर है ऐसे में किसानों के साथ कोई अन्याय स्वीकार्य नहीं होगा । उन्होंने कहा कि अधिकारियों से वार्ता हुई है सर्वेक्षण कराया जा रहा है लेकिन कुछ किसानों की शिकायत प्राप्त हुई है कि सर्वेक्षण में अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है 33 प्रतिशत से कम का नुकसान दिखाया जा रहा है जबकि निरंतर हो रही बारिश से 50 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हो चुका है ऐसे में अगर किसानों की शिकायत आती है तो संबंधित अधिकारियों की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा की मै खुद किसानी करता हूं और खेतीबाड़ी से अच्छी तरह से वाकिफ हूं ऐसे में नुकसान का आकलन हमे स्वतः है अगर पारदर्शी सर्वेक्षण की रिपोर्ट शासन को न भेजी गई तो मै खुद 10 अप्रैल से किसानों के नुकसान का सर्वेक्षण कर अधिकारियों व मुख्यमंत्री मिलकर से वार्ता करूंगा ।इस दौरान दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की मंशा किसानों के हित की है और सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ है किसानों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# 10 पवित्र नदियों के नाम पर बसेंगी टाउनशिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की ताज नगरी आगरा अब अपने ऐतिहासिक वैभव के साथ आधुनिक शहरी विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है। 'ग्रेटर आगरा' परियोजना के जरिए सांस्कृतिक पुनरुद्धार और अत्याधुनिक अवसरंचना के संगम का मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम रायपुर और रहनकलां में करीब 450 हेक्टेयर क्षेत्र में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को विकसित किया जा रहा है।

लगभग 5142 करोड़ रुपये की लागत वाली यह योजना आगरा को योजनाबद्ध, आधुनिक और बहुआयामी शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, ग्रेटर आगरा की सबसे बड़ी विशेषता इसका सांस्कृतिक दृष्टिकोण है। यहां विकसित होने वाली 10 टाउनशिप सिंधुपुरम, गोमतीपुरम, गंगापुरम, यमुनापुरम, बेतवापुरम, महानदीपुरम, नर्मदापुरम, गोदावरीपुरम, कृष्णापुरम और कावेरीपुरम देश की पवित्र नदियों के नाम पर बसाई जाएंगी। यह पहल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के साथ शहर को विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी।परियोजना के तहत लगभग 1.5 लाख लोगों के लिए आधुनिक आवासीय व्यवस्था विकसित की जाएगी। कुल 4712 भूखंडों में आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, कमर्शियल और मिश्रित उपयोग के प्लॉट शामिल होंगे।साथ ही स्कूल, अस्पताल, सामुदायिक केंद्र, होटल, बैंक, डाकघर, पुलिस चौकी और दमकल केंद्र जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।ग्रेटर आगरा को स्मार्ट और सस्टेनेबल शहर के रूप में विकसित करने के लिए आधुनिक सड़क नेटवर्क, सीवेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किए जाएंगे। परियोजना की लोकेशन भी इसकी खासियत है। यह 100 मीटर चौड़ी इनर रिंग रोड के पास स्थित है और नेशनल हाईवे-19, फतेहाबाद रोड व यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ी है। कुबेरपुर रेलवे स्टेशन की नजदीकी इसे आवागमन और व्यापार के लिए और सुविधाजनक बनाती है। हर टाउनशिप में कम से कम 15 प्रतिशत क्षेत्र हरित क्षेत्र के लिए आरक्षित रखा गया है। पार्क, ओपन स्पेस और खेल सुविधाओं के साथ पर्यावरण संतुलन और बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। योजना के तहत यमुनापुरम को वाणिज्यिक केंद्र और कावेरीपुरम को जल आधारित गतिविधियों एवं मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और आगरा की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# भाजपा से मिला हुआ है चुनाव आयोग, वोट काटने की हो रही साजिश : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मतदाताओं के वोट काटने की साजिश रची जा रही है, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा किया जा सके।

श्री यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि सपा के पीडीए प्रहरियों ने फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने के मामलों को पकड़ा, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने बुधवार को कानपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर कानपुर के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कानपुर, इटावा और कन्नौज को ल्लट्रेड ट्रायंगलङ्क के रूप में विकसित करने की योजना का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक लाल इमली कारखाने को दोबारा शुरू कराने का भरोसा जताया और कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में कानपुर में मेट्रो, पनकी और घाटमपुर में बिजली परियोजनाएं तथा अमूल प्लांट जैसे कई औद्योगिक विकास कार्य किए गए थे।

श्री यादव ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं और महिलाएं तथा बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने नदियों की सफाई को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट का दुरुपयोग हुआ, लेकिन जमीन पर कोई सुधार नहीं दिखा।

शिक्षा मित्रों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उनके साथ अन्याय किया है, जबकि सपा सरकार के दौरान उन्हें बेहतर मानदेय दिया जाता था। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार बनने पर शिक्षा मित्रों को न्याय और सम्मान मिलेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीबों को न तो दवाइयां मिल रही हैं और न ही जांच की सुविधाएं। मजबूर होकर लोग निजी अस्पतालों में महंगा इलाज करा रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि सपा सरकार बनने पर गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले समय में बदलाव तय है।

# प्रयागराज में आंधी-तूफान से पांटून पुल बहा, आवागमन ठप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । यमुनापार स्थित मेजा तहसील क्षेत्र में गंगा फ़ेरी घाट पर बना पांटून पुल मंगलवार रात आए तेज आंधी-तूफान की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया और बह गया। यह पुल काफी पुराना बताया जा रहा है।पुल टूटने के कारण घाट के दोनों किनारों के बीच आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों को अब लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग था, खासकर रोजमर्रा के कामकाज और बाजार आने-जाने के लिए। घटना के बाद प्रशासन से जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था या नए पुल निर्माण की मांग की जा रही है।प्रशासनिक टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किए जाने की संभावना है, ताकि जल्द राहत और यातायात बहाल करने के उपाय किए जा सकें।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (मुद्रा) ने 11 वर्षों की सफल और परिवर्तनकारी यात्रा पूरी कर ली है:डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (मुद्रा) ने 11 वर्षों की सफल और परिवर्तनकारी यात्रा पूरी कर ली है।

उन्होंने कहा कि यह योजना केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनी है, जिन्हें कभी संसाधनों और वित्तीय सहयोग की कमी ने आगे बढ़ने से रोक रखा था। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने यह जानकारी दी। मंत्री डॉ. दयालु ने कहा कि बिना गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था ने छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, महिलाओं, युवाओं और स्टार्टअप उद्यमियों को नई पहचान और नई दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि जो लोग कभी बैंक के दरवाजे तक जाने में संकोच करते थे, आज वही आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं और दूसरों को भी रोजगार देने की स्थिति में पहुंच चुके हैं।

### 40 लाख करोड़ से अधिक के 58 करोड़ ऋण वितरण ने बदली आर्थिक तस्वीर

डॉ. दयालु ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में ?40 लाख करोड़ से अधिक के 58 करोड़ ऋण वितरण ने देश की अर्थव्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन लाखों-करोड़ों परिवारों की बदली हुई तस्वीर है, जहां पहले रोजगार और आय की चिंता थी, वहीं आज आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक जीवन और आर्थिक स्थिरता दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की आय सीमित थी, वहां आज स्वरोजगार और सम्मानजनक जीवन की नई राह खुली है। इस योजना ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में छोटे उद्यमों को मजबूती दी है, जिससे देश की आर्थिक संरचना को व्यापक आधार मिला है।

### युवा अब जॉब सीकर नहीं, बन रहा जॉब क्रिएटर

मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि लगभग 12 करोड़ युवाओं का इस योजना से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा अब ल्लजॉब सीकरङ्क नहीं, बल्कि ल्लजॉब क्रिएटरङ्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने न केवल आर्थिक सशक्तिकरण किया है, बल्कि समाज में आत्मविश्वास, स्वाभिमान और ल्लमैं भी कर सकता हूँङ्क जैसी सकारात्मक सोच को भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों की यह यात्रा यह सिद्ध करती है कि जब नीति सही हो और नेतृत्व मजबूत हो, तो बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आम जनजीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। डॉ. दयालु ने इस परिवर्तनकारी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## बारिश के मौसम के पहले नालों से कचरा हटेगा, क्षतिग्रस्त सड़कों का पैच वर्क भी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में मानसून के मौसम के पूर्व नगर निगम ने नालों की सफाई, उसमें से कचरा हटाने और इससे क्षतिग्रस्त सड़कों का पैच वर्क कार्य को प्राथमिकता दिया है। इन कार्यो की मानिटरिंग महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल स्वयं कर रहे हैं। बुधवार को महापौर व नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से अस्सी और सीर गोवर्धन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था की हकीकत जांची। नगर आयुक्त ने इस दौरान अस्सी व सीर क्षेत्र के प्रमुख नालों से कचरा हटाने के निर्देश भी दिए। मौके पर ही महापौर व नगर आयुक्त ने क्षतिग्रस्त सड़कों के पैच वर्क और मरम्मत कार्य की भी समीक्षा की। महापौर ने नगवां और आसपास के क्षेत्रों में नालों की सफाई का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि मानसून आने से पहले सभी छोटे-बड़े नालों की सिल्ट पूरी तरह साफ कर ली जाए, ताकि बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान उन्होंने जनता से क्षेत्र की साफ-सफाई, सड़कों की स्थिति और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

# युवक की हत्या से सुलगा निगोहां

## साथी गिरफ्तार, परिजनों व ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

❒ नशे में विवाद बना हत्या की वजह, पोस्टमार्टम में छह से अधिक चोटों की पुष्टि; गैस गोदाम के पास झाड़ियों में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




निगोहां, लखनऊ । क्षेत्र के नदौली गांव निवासी 22 वर्षीय मजदूर रैकिश रावत की बेरहमी से हत्या के मामले में बुधवार को बड़ा खुलासा होने के साथ ही क्षेत्र में जनाक्रोश फैल गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके साथी मजदूर धर्मराज उर्फ टाटू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने निगोहां थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि नशे की हालत में हुए विवाद के बाद रैकिश की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर छह से अधिक गंभीर चोटों की पुष्टि हुई है, जिससे हत्या की बात साफ हो गई है।

पुलिस के अनुसार मृतक रैकिश सोमवार सुबह गांव के ही धर्मराज उर्फ टाटू और मिस्त्री नंदकिशोर के साथ मजदूरी करने लखनऊ गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। मंगलवार सुबह बाबूखेड़ा मार्ग स्थित गैस गोदाम के पास झाड़ियों में उसका खून से लथपथ शव बरामद हुआ। मौके से मोबाइल, टिफिन और चप्पलें गायब थीं, जिससे शुरुआत में लूटपाट के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से निगोहां थाने पहुंच गए और घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। कुछ लोगों ने आरोपी को उनके हवाले करने की भी मांग उठाई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात को देखते हुए थाने पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान मृतक के भाई लवकुश का दर्द छलक पड़ा। उसने रोते हुए कहा कि उसका भाई मजदूरी करने गया था, लेकिन उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने भी बताया कि रैकिश सरल स्वभाव का युवक था और उसका किसी से कोई विवाद नहीं था।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। वहीं एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी धर्मराज उर्फ टाटू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूछताछ में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

# अंबेडकर जयंती को लेकर नगराम क्षेत्र में तैयारियां तेज



❒ 14 अप्रैल की पूर्व संध्या पर निकलेगी भव्य बाइक रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

नगराम, लखनऊ । बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर नगराम थाना क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। ममई मऊ, भौंरा खुर्द, मितौली समेत कई गांवों में बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को ममई मऊ गांव में आयोजित बैठक में जयंती को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा तय की गई।बैठक ग्राम प्रधान दीपक सिंह के नेतृत्व में हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा विधायक अमरेश रावत के बेटे शुभम रावत ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल की पूर्व संध्या पर मोहनलालगंज से भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी, जो निगोहा, समेसी, नगराम, गंगागंज और गोसाईगंज होते हुए खुर्दही बाजार में संपन्न होगी। बैठक में लोगों ने सामाजिक एकता और संविधान सम्मान के साथ अंबेडकर जयंती मनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भौरा प्रधान दिग्विजय चौरसिया, रामलाल रावत, धर्मेश कुमार, रामप्रताप धीमान, इंदल रावत, शोभित रावत, सुभाष कुमार, राधेलाल, अर्जुन सिंह, लालबहादुर समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालाब पर कब्जा, प्रशासन मौन, ग्रामीणों में आक्रोश

❒ खसरा 103-104 में दर्ज सरकारी तालाब पाटकर खड़ा किया पक्का निर्माण

❒ जलभराव और बीमारियों के खतरे से जूझ रहे लोग, जिम्मेदार विभाग कटघरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 3 सरकपुर सरैया में सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे का मामला अब प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही का प्रतीक बनता जा रहा है। राजस्व अभिलेखों में खसरा संख्या 103 व 104 के रूप में दर्ज इस तालाब को कथित रूप से दबंगों द्वारा पाटकर उस पर पक्का निर्माण कर दिया गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।ग्रामीणों का कहना है कि तहसील प्रशासन से लेकर नगर पंचायत तक कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और मिलीभगत के चलते ही यह अवैध कब्जा संभव हो सका।तालाब के अस्तित्व समाप्त होने का खामियाजा अब पूरा गांव भुगत रहा है। जल निकासी की प्राकृतिक व्यवस्था खत्म हो जाने से नालियां जाम हो गई हैं और सड़कों पर स्थायी जलभराव की स्थिति बन गई है। हालात इतने बदतर हैं कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर भी प्रशासन की कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही।

### कागजों में तालाब, जमीन पर मकान

सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब सरकारी अभिलेखों में तालाब दर्ज है, तो आखिर उस पर निर्माण कैसे हो गया? क्या राजस्व विभाग ने मौके का सत्यापन नहीं किया, या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गईं? यह मामला सीधे-सीधे निगरानी और जवाबदेही की विफलता को उजागर करता है।

### जिम्मेदारी तय होगी या फिर लीपापोती?

अब यह सवाल भी उठ रहा है कि इस पूरे प्रकरण में आखिर जिम्मेदार कौन है–राजस्व विभाग, नगर पंचायत या स्थानीय प्रशासन? अब तक की निष्क्रियता ने इन सभी विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ग्रामीणों का अल्टीमेटम

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, तालाब को तत्काल कब्जामुक्त कराकर जल निकासी व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा जनआंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की

## बीच-बचाव करना पड़ा भारी, युवक पर धारदार हथियार से हमला

लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बखारी में दो पक्षों के विवाद में बीच-बचाव करने आए युवक पर हमला हो गया। मुकेश कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि विवाद शांत कराने के दौरान रामतीर्थ उर्फ अंशु और प्रांकु ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। हमले में उनका सिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक, घटना सोमवार शाम लगभग 6:30 बजे हुई। पीड़ित के अनुसार कुछ छात्रों के बीच कहासुनी और झगड़ा हो रहा था। इस बीच उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और फरार हो गये। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। बीबीडी थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## मटियारी में विधि छात्र से अपहरण कर लूटपाट, तीन नामजद सहित कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मटियारी स्थित अंकित ढाबे के पास एक विधि छात्र के साथ देर रात मारपीट, अपहरण और लूटपाट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को नामजद आरोपियों सहित कई अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बलिया जिले के कान्तपुर नारायणगढ़ निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि वह चिनहट स्थित गहमरकुंज कॉलोनी में किराये पर रहकर सिटी लॉ कॉलेज से विधि की पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित के अनुसार, 2 अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे वह मटियारी स्थित अंकित ढाबे पर खाना लेने गया था।इसी दौरान वहां पहले से मौजूद निखिल सक्सेना, नील वर्मा, आशीष तथा उनके साथ 7–8 अज्ञात युवकों ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसे जबरन एक इट्टिवृ कार में बैठा लिया।पीड़ित का आरोप है कि कार में बैठाने के बाद आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसके पास से करीब 5 हजार रुपये नकद और सोने की चेन भी छीन ली गई।घटना के बाद आरोपी देर रात उसे मनोज पाण्डेय चौराहे के पास छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव आयोग पर अविश्वास, दरअसल जनता के फैसले पर अविश्वास है: डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत लोकतंत्र है, जिसकी नींव Election Commission of India की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर टिकी है। उन्होंने बताया कि 2024 के आम चुनाव में 96.88 करोड़ से अधिक मतदाता, 10.52 लाख से अधिक मतदान केंद्र और 64 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी ने भारत की लोकतांत्रिक शक्ति को फिर साबित किया। डॉ. सिंह ने कहा कि EVM, VVPAT और सशक्त निगरानी तंत्र ने चुनाव प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाया है, जिसके चलते देश में सत्ता परिवर्तन हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर अविश्वास जताना, दरअसल देश की जनता के जनादेश पर सवाल उठाना है।

### मारपीट के मामले में एक पक्ष की एफ आई आर दर्ज, दूसरा लगा रहा चक्कर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा में दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मारपीट हो गई थी।इस मामले कोतवाली में एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज ली गई । दूसरे पक्ष के लोग प्रार्थना पत्र लेकर कोतवाली कार्यालय के चक्कर लगा रहे है।गांव काजी खेड़ा के निवासी राम विलास पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद की ओर सहायक पुलिस आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में 5 मार्च 2026 को रात 7 बजे बच्चों के विवाद के कारण हुए मारपीट के मामले में उसी गांव के ही निवासी सोहनलाल पुत्र शिवराज, दिनेश, आदेश, आजाद, और अजय पुत्र गण सोहनलाल ने तीन – चार अज्ञात लोगो के साथ घर में घुस कर हमला कर देने का आरोप लगाया गया है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि सभी हमलावर चाकू, लोहे की रॉड और बांका लिए हुए थे। उन्होंने ने घर के लोगो के साथ ही जानवरों को भी बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने शिकायत कर्ता के पुत्रों सुरेश एवं उमेश को मरा हुआ समझ लिया और चले गए थे। शिकायत कर्ता के अनुसार उसने घटना की सूचना 112 नंबर पर दी थी। मौके पर पहुंचे वर्दी धारकों ने घायलों को गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।सीएचसी के डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।उधर इसी मामले में दूसरे पक्ष से शीला देवी की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रथम पक्ष के लोगो पर गाली , गलौज के अलावा जान से मार देने की नियत से हमला किए जाने का लगाया गया। शीला देवी की ओर से लिखे गए प्रार्थना पत्र राम विलास पुत्र राम प्रसाद, सुरेश, सर्वेश, सुभाष, और उमेश पुत्र गण राम विलास को आरोपी बनाया गया है। प्रथम पक्ष की ओर से विवाद का समय 7 बजे तो दूसरे पक्ष ने 8 बजे का बताया गया है।

### शिवरी प्लांट का अवलोकन, कूड़ा निस्तारण और रिसाइक्लिंग कार्यों की सराहना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ के शिवरी प्लांट का बुधवार को अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन जी द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्लांट में संचालित व्यवस्थाओं को करीब से देखा और नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में हो रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। अवलोकन के दौरान स्वांत रंजन जी ने शहर से एकत्रित होने वाले कूड़े के उसी दिन निस्तारण की व्यवस्था को बेहद प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने नगर निगम लखनऊ को देश में स्वच्छता के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर आने के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि इस वर्ष महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में लखनऊ प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने शिवरी प्लांट में चल रही विभिन्न प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। इस दौरान नारियल के खोल से रस्सी बनाने, कोको पिट तैयार करने, कंपोस्ट निर्माण, क्वायर (नारियल रेशा) से उत्पाद बनाने और नारियल के खोल से गमले तैयार करने की प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया।

# कैंसर संस्थान ने मगहुआ कला गांव को गोद लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । सुशांत गोल्फ क्षेत्र में स्थित कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान ने गोसाईगंज क्षेत्र के मगहुआ कला गांव को गोद ले लिया है। यह पहल विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर की गई। इसके पीछे गांव के सभी निवासियों को समग्र और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। संस्थान के निर्देशक एमएलबी भट्ट ने बताया कि इस योजना के तहत गांव के सभी निवासियों की लाइन लिस्टिंग कर परिवार पुस्तिका फैमिली बुक जारी की जाएगी। इससे प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य संबंधी विवरण का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जा सकेगा। इसके साथ ही गांव के बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों का व्यापक कैंसर स्क्रीनिंग सामान्य कैंसरों का प्रारंभिक निदान और स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाएगा संस्थान के चिकित्सकों की एक टीम प्रत्येक सप्ताह गांव का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। भविष्य में इस गांव को संस्थान के ग्रामीण फील्ड प्रेक्टिस एरिया के रूप में विकसित किया जाएगा जहां फील्ड आधारित क्लीनिकल केयर शिक्षक और शोध कार्य भी संचालित किए जाएंगे इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर एमएलबी भट्ट कार्यकारी रजिस्टार डॉ. आयुष लोहिया चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय, पब्लिक हेल्थ विभाग की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ अंशु सिंह, सीनियर रेजिडेंट डॉ. सूर्यकांत, डॉ. अभिषेक पांडे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'विजय पुरुष से राष्ट्रप्रहरी राजनाथ सिंह' पुस्तक का होगा विमोचन

❒ पुस्तक विमोचन के लिए राज्यपाल को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने जनभवन जाकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेटकर ''विजय पुरूष से राष्ट्रप्रहरी राजनाथ सिंह'' पर आधारित पुस्तक विमोचन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया। उपयुक्त तिथि देने के लिए राज्यपाल ने आश्वासन दिया।

अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि पुस्तक में भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक में सूचनात्मक और तथ्यात्मक, सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों के साथ उनकी संगठन से लेकर सत्ता तक की यात्रा को लिपिबद्ध किया गया हैं। पुस्तक में एक सामान्य किसान परिवार से एक शिक्षक, एक कार्यकर्ता और एक कुशल शासक के साथ सांगठनिक क्षमता और दक्षता का रोचक तरीके से वर्णन किया गया है। संगठन में मण्डल स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की यात्रा को बताया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के शिक्षा मन्त्री और मुख्यमंत्री से लेकर देश के गृह एवं रक्षा मंत्री रहते हुए, उनके द्वारा किये गये कार्यों को विस्तारपूर्वक समझाया गया है तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों का विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले सामाजिक, आर्थिक प्रभाव को बताया गया है। जनभवन में महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू उपस्थित रहें।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो बी एल शर्मा एवं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह मौजूद रही

लखनऊ । नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह भव्य रूप से रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर्ष पर्यंत विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रो बी एल शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कुल 68मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कला में आस्था शुक्ला विज्ञान में नैन्सी त्रिपाठी एवं कश्मीरा तथा वाणिज्य संकाय हेतु शेजल को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। परास्नातक इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान तथा जंतु विज्ञान हेतु क्रमशः आकृति रत्नम, कृष्णा यादव, ख़ुशी श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह और सरिता यादव ने मेडल पर कब्जा किया। इसी प्रकार बेस्ट कैडेट, बेस्ट स्वयं सेवी, बेस्ट रेंजर सर्वश्रेष्ठ परिषद की छात्रा खो खो तथा रस्साकसी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को भी मेडल मिले।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना तथा महाविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो़फ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अपनी आख्या में प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सभी क्षेत्रों में कर रहीं हैं। डॉ भास्कर शर्मा ने मुख्य अतिथि का परम्परागत पगड़ी पहना कर स्वागत किया तथा बेटियों पर आधारित अपनी प्रसिद्ध कविता का पाठ किया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की प्रो़फ़ेसर विनीता लाल की पुस्तक ''सोशियोलॉजी ऑफ़ जेंडर की कॉन्सेप्ट्स एंड थ्योरीज़'' तथा अंग्रेज़ी विभाग की प्रो़फ़ेसर शालिनी श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक ''अ हैंडबुक ऑफ़ इंडियन इंग्लिश लिटरेचरङ्क जो एन ई पी 2020 के मानदंडों को दृष्टिगत करते हुए लिखी गई है का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया साथ महाविद्यालय के न्यूज़ लेटर ''वार्षिक स्मृति पत्रक'' तथा अर्थशास्त्र विभाग के गत पाँच वर्षों की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक ''इको पल्स'' का भी लोकार्पण अतिथियों द्वारा सम्पन्न हुआ। ये पुस्तक प्रो़फ़ेसर पूनम वर्मा तथा डॉ कुणाल दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है।

मुख्य अतिथि प्रो बी एल शर्मा द्वारा अपने संबोधन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि महाविद्यालय में प्रतिभा शाली छात्राएं ये सिद्ध करती हैं कि शिक्षक कितना परिश्रम करते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के उन्नयन एवं विकास के लिए जो भी संभव होगा वो किया जायेगा। डॉ शर्मा ने कहा कि आज उनके द्वारा राजकीय महाविद्यालय लतीफ़नगर का औचक निरीक्षण किया गया जहाँ अधिकांश शिक्षक कर्मचारी अनुपस्थित रहे। ये स्थिति चिंताजनक है।

एक शिक्षक समाज का दर्पण होता है सरकार सम्मानजनक वेतन देती है तो शिक्षक का भी धर्म है कि वो समय और अनुशासन का ध्यान रखें। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती बबिता सिंह ने कहा कि आज की बेटियां सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्राओं के समुचित तथा सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि मोबाइल पर अपना समय नष्ट न करें। उन्हीने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संकल्प और स्वप्न जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर है वो पूरा हो रहा है।

# मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत, सरोजनीनगर बना महापुरुष सम्मान मॉडल: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ महापुरुष सम्मान मॉडल जमीन पर उतारने की दिशा में सरोजनीनगर बना उदाहरण : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं के उन्नयन एवं सम्मान के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समरसता, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से इसी भावना के साथ व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पिछले एक वर्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 20 से अधिक प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन किया गया है, जिससे सामाजिक सम्मान और जागरूकता को नई दिशा मिली है। साथ ही, सरोजनीनगर में महाराजा बिजली पासी किला के पुनरुद्धार का मेगा प्रोजेक्ट भी तेजी से प्रगति पर है, जो क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करते हुए आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि: सरोजनीनगर आज प्रदेश में महापुरुषों के सम्मान, उनकी विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### क्षेत्र में स्थापित एवं विकसित प्रमुख स्थल

भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा, पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कल्याण सिंह जी की प्रतिमा,भव्य गुरु नानक द्वार का निर्माण

### शीघ्र स्थापित होने वाले प्रमुख स्मारक

महाराणा प्रताप द्वार, रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा, वीरांगना अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा, उदा देवी पासी जी की प्रतिमा

डॉ. सिंह ने कहा महापुरुष किसी एक वर्ग के नहीं होते, वे पूरे राष्ट्र की प्रेरणा होते हैं। उनका सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह पहल पूरे उत्तर प्रदेश में एक जनआंदोलन का रूप लेगी और समाज को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए एकता और प्रेरणा का संदेश देगी।


# जमीन पर सन्नाटा, पोर्टल पर हाज़िरी चालू! महाराज नगर में मनरेगा के नाम पर बड़ा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत महाराज नगर में चल रहे ओपन जिम निर्माण कार्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। एक ओर जहां मौके पर काम पूरी तरह बंद नजर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा पोर्टल पर मजदूरों की हाज़िरी लगातार दर्ज की जा रही है। यह विरोधाभास अब संभावित भ्रष्टाचार की ओर साफ इशारा कर रहा है।

## जमीन पर हकीकत , काम ठप, मजदूर गायब

ग्रामीणों के अनुसार, कई दिनों से ओपन जिम का निर्माण कार्य बंद पड़ा है। मौके पर न कोई मजदूर दिख रहा है, न ही किसी प्रकार की गतिविधि। कार्यस्थल पूरी तरह सुनसान पड़ा हुआ है।




## ऑनलाइन खेल, पोर्टल पर जारी हाज़िरी

इसके विपरीत, मनरेगा पोर्टल पर रोज़ मजदूरों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। यानी कागजों में काम ल्लजारीङ्क दिखाया जा रहा है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। इससे फर्जी मस्टर रोल और भुगतान में गड़बड़ी की आशंका और गहरा गई है।

## सरकारी धन पर उठे सवाल

मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार देना है, लेकिन अगर बिना काम के ही भुगतान हो रहा है तो यह सीधे-सीधे सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बनता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे खेल में लाखों रुपये की हेराफ़ेरी हो सकती है।

## जिम्मेदार कौन? संरक्षण किसका?

अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर यह खेल किसके संरक्षण में चल रहा है, क्या ग्राम पंचायत स्तर पर मिलीभगत है, क्या रोजगार सेवक और तकनीकी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है? या फिर जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं?

## पंचायत सचिव का बयान भी सवालों के घेरे में

जब इस संबंध में पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ल्लजहां तक हमें जानकारी है, जिम सेंटर का कार्य चल रहा है। अब सवाल यह उठता है कि जब मौके पर काम बंद है, तो सचिव को ल्लकार्य चलनेङ्क की जानकारी कहां से मिल रही है? ,क्या यह सिर्फ कागजी जानकारी है या फिर जमीनी सच्चाई से दूरी?

## प्रशासनिक निगरानी पर सवाल

यह मामला न सिर्फ संभावित भ्रष्टाचार को उजागर करता है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। अगर समय रहते जांच नहीं हुई, तो यह मामला बड़े घोटाले में बदल सकता है।

## ग्रामीणों की मांग

पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, जमीनी स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए

## अब निगाहें प्रशासन पर

महाराज नगर में काम बंद और हाज़िरी चालू का यह मामला अब चर्चा का विषय बन चुका है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर सख्त कदम उठाता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# जीपैट– 2026 में जे एस एस इंस्टीट्यूट का परचम

❒ मो. जावेद ने 21वां स्थान हासिल कर रचा इतिहास, छात्रों की सफलता पर कॉलेज में जश्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के लहरपुर रोड स्थित पारा सराय चौराहा पर जे. एस. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने जीपैट- 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के छात्र मो. जावेद ने ऑल इंडिया रैंक 21 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिससे पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। इस सफलता के साथ ही संस्थान के अन्य छात्रों–लवकुश, फैजियाब, रुपांशी, तौफीक, मोहम्मद शादाब ने भी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभी सफल छात्रों को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। छात्रों की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप पर छात्र-छात्राएं भांगड़े पर झूमते नजर आए। पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सफल विद्यार्थियों के सम्मान में रैली भी निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. भूमिका योगी, डॉ. सुजीत गुप्ता एवं चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। संस्थान परिवार ने इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बताते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नैमिषारण्य थाना पर गोष्ठी कर छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

सीतापुर। नैमिषारण्य स्थित कसतुरबा गांधी विधालय ब्रहामवली में सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत दिशा-निर्देशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम फ़ेज 05 के द्वितीय चरण के अंर्तगत महिला पुरुषों एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

पुलिस ने इस दौरान मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं व टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई! इस दौरान छात्राओं को 1090 (वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर) 1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर)1098(चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर)112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना ,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ राष्ट्रीय पोषण मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं पर हो रहे अपराध से अवगत कराया गया व उनकी समस्या का निवारण किया गया। बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनसे उनकी समस्या पूछी गई। Traffic rules के बारे में भी अवगत कराया गया।



कार्यक्रम में मौजूद लगभग महिलाएं /बालिकाएं लगभग 60 वितरण किये गये पम्पलेट की संख्या कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी गण उप निरीक्षक श्री प्रशांत सिंह कांस्टेबल अनुज चौधरी कांस्टेबल सुभाष चंद कांस्टेबल अर्जुन खोखर महिला आरक्षी पूजा समेत अन्य लोग मौजूद है।

## चिकित्सा प्रतिपूर्ति घोटाले में 13 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, 12 आरोपी हो चुके हैं रिटायर

शाहजहांपुर। स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान में अनियमितता मिलने पर डीएम के निर्देश पर जांच के बाद 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।शाहजहांपुर में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर 29 लाख 93 हजार का गबन करने के आरोप में आशुलिपिक मोहम्मद साजिद समेत 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। लाभ लेने वाले 12 स्वास्थ्यकर्मी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अक्तूबर से दिसंबर 2025 के मध्य स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान में अनियमितता मिलने पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर सीडीओ की अध्यक्षता में वरिष्ठ कोषाधिकारी, राजकीय मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.पंकज कुमार की कमेटी से जांच कराई गई थी। टीम ने 12 सेवानिवृत्त कार्मिकों के 15 चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरणों की जांच की गई। टीम ने लखनऊ के अस्पतालों का भ्रमण कर जांच की। इसमें नामित व्यक्तियों में किसी का इलाज नहीं होने की जानकारी दी गई। सरस्वती हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल नाम से कोई अस्पताल भी नहीं मिला। घपलेबाजी पकड़े जाने के बाद डीएम ने सीएमओ को संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

# खैराबाद के गद्दीपुर में डीएम का निरीक्षण लापरवाही पर वेतन कटौती व नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज विकास खण्ड खैराबाद के कम्पोजिट विद्यालय गद्दीपुर परिसर में संचालित वीएचएसएनडी (ठ्ढक्क्त्रक) सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ए0एन0एम0 किरन त्रिवेदी के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित एम0ओ0आई0सी0 को दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से उपलब्ध उपकरणों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र की समुचित तैयारियां न पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी एवं बी0पी0एम0 अनुज तिवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय गद्दीपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा कक्षा-2 के सक्षम स्तर के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें पुस्तिका पढ़ने को कहा। विद्यार्थियों द्वारा अपेक्षित स्तर पर पाठ न पढ़ पाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य के प्रति नाराजगी व्यक्त की और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।विद्यालय के रसोईघर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कच्चे चावल एवं तैयार भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय में निर्धारित ड्रेस में ही आएं तथा उनकी दैनिक दिनचर्या और समुचित विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयास से सारीपुर गांव में लगी हाई मास्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

रायबरेली। क्षेत्र के सारीपुर गांव में स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी सुविख्यात बाबा बिहारी दास की कुटी परिसर अब हाई मास्क लाइट से जगमगा उठा है। समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयास से करीब तीन लाख रुपये की लागत से यह हाई मास्क लाइट स्थापित कराई गई है। इस लाइट के लगने से गांव में रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध हो सकेगी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। विधायक श्याम सुंदर भारती ने बताया कि उनका उद्देश्य संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र को ल्लअंधेरा मुक्तङ्क बनाना है। इसी क्रम में गांवों, प्रमुख चौराहों, सब्जी मंडियों, मंदिरों और मस्जिदों पर हाई मास्क लाइटें लगवाई जा रही हैं।इस कार्य से खुश होकर ग्रामीणों ने विधायक का तहे दिल से स्वागत करते हुए उनकी सराहना की। गांव में इस पहल को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र श्रीवास्तव, जगदेव प्रजापति, विंधा यादव, रामसुख मौर्य, सुमित श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, काशी प्रसाद मौर्य, नीरज शर्मा, सुखनंदन मौर्य, रामनेवाज मौर्य, राम सजीवन मौर्य, रामनरेश मौर्य, दीपक जायसवाल, अवधेश अवस्थी, निहाल अवस्थी, राजेश शर्मा, हरिप्रसाद मिश्र, राघवेंद्र श्रीवास्तव सुरेंद्र निर्मल सूरज निर्मल रूपचंद रैदास अभिषेक रैदास, विक्की रैदास गोपाल श्रीवास्तव, रमाकांत श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, कैलाश नाथ श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# लखीमपुर खीरी की तीन तहसीलों ने रचा कीर्तिमान, आईजीआरएस में प्रदेश में अव्वल

❒ मितौली, पलिया और निघासन को प हली रैंक, खीरी फिर टॉप प्रदर्शन में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखीमपुर खीरी। जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लखीमपुर खीरी ने एक बार फिर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। मार्च माह की ऋक्त्रक्ष्ट्ट रैंकिंग में जिले की मितौली, पलिया और निघासन तहसीलों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे जनपद का नाम पूरे प्रदेश में प्रमुखता से उभरा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में संचालित शिकायत निस्तारण प्रणाली में खीरी का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। जनपद बीते सात माह से लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान पर बना हुआ है, जबकि प्रदेश स्तर पर भी टॉप-10 में अपनी स्थिति बनाई है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में जनपद में शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। शिकायतों के समयबद्ध समाधान, मौके पर जांच और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब रैंकिंग में सामने आया है।

## तहसील स्तर पर बेहतर समन्वय

तहसील मितौली में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, पलिया में एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार और निघासन में एसडीएम राजीव कुमार निगम के नेतृत्व में टीमों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया। बताते चले कि मितौली तहसील लगातार दूसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त की है।

## डीएम ने दी टीम को बधाई

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस उपलब्धि को टीमवर्क और प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। सभी तहसीलों को इसी तरह कार्य करते हुए जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## लखनऊ मंडल में लखीमपुर खीरी अव्वल, जनशिकायत निस्तारण में टॉप पर

प्रदेश में मार्च माह की ऋक्त्रक्ष्ट्ट रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वां स्थान हासिल किया, और मंडल के सभी जनपदों में अव्वल बना रहा। अन्य जनपदों में हरदोई 13वें, उन्नाव 32वें, सीतापुर 35वें, रायबरेली 61वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहे। जनपद प्रशासन की समयबद्ध और पारदर्शी शिकायत निस्तारण प्रणाली का ही यह नतीजा है। मितौली, पलिया और निघासन तहसीलों ने प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर जिले का मान और बढ़ाया।

## मोदी – योगी सरकार में गांवों में उपलब्ध कराई जा रही शहरों जैसी सुविधा : अजय विश्वकर्मा

**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड खैराबाद सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बैठक की। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की गई और कई विकास कार्यों की योजनाओं का खाका तैयार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा के कार्यकाल की सराहना की और उनके साथ मजबूती से खड़े रहने की बात कही।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। जितनी रफ्तार से इस सरकार में विकास कार्य हुए हैं, उतनी रफ्तार में अन्य किसी सरकार में विकास कार्य नहीं हुए। गांवों में शहरों जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गांव के जो रास्ते हमेशा कच्चे रहते थे, उनको इंटरलॉकिंग और आरसीसी सड़कों में बदल गया है। पेयजल योजना के तहत शहरों की तरह गांव में भी पानी की पाइपलाइन पहुंचाई गई है। बिजली व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान तेजी से किया जाता है। गरीब टपके के उत्थान के लिए केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने तमाम योजनाएं चलाई है। कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए हैं। सड़कों के साथ जल निकासी की व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया गया है। आज के गांव सुविधाओं के मामले में शहरों को भी टक्कर दे रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा के नेतृत्व में खैराबाद विकासखंड क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। समस्त प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा की कार्यशैली के कायल है। वे सब की बातों को ध्यान से सुनते हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हैं। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि वह सब ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा के साथ खड़े हैं। खैराबाद क्षेत्र के 105 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में 91 क्षेत्र पंचायत सदस्य बैठक में पहुंचे और उन्होंने ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा को समर्थन करते हुए उनके कार्यों की जमकर सराहना की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे, क्षेत्र के प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## निष्काम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सबके राम, सबके परशुराम के साथ नई कार्यकारिणी का गठन

**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निष्काम सेवा ट्रस्ट के सहयोग से भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति की बैठक जिला पंचायत हाल, सीतापुर में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 18 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा–ल्लसेवा में जो सुख है, वो कहीं और नहीं मिलता,निष्काम भाव से किया कार्य ही सच्चा धर्म खिलता।ङ्कअनुभवी नेतृत्व और युवा ऊर्जा के समन्वय के साथ गठित नई समिति में समाज के विभिन्न वर्गों के सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी के अनुसार मुनीन्द्र अवस्थी को संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं यतीन्द्र अवस्थी 'बबलू' को संयोजक तथा अमित बाजपेई 'मीत' को सह–संयोजक बनाया गया है।घोषित पदाधिकारी इस प्रकार हैं:उपाध्यक्ष: मनोज सिंह, राहुल जायसवालकोषाध्यक्ष: पारस धवनमहासचिव: विशम्भर तिवारीसचिव: श्रवण बाजपेईसचिव एवं प्रचार–प्रसार: विश्ववीर सिंहमीडिया प्रभारी: प्रदीप शुक्लाप्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी: आकाश मिश्रासंयोजक यतीन्द्र अवस्थी 'बबलू' ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज को एकजुट कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को भव्य बनाना है। वहीं मीडिया प्रभारी आकाश मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही अगली बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य श्री भारत त्रिपाठी ने की, जिन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा भी की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता करते हुए अपने सुझाव दिए और शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया।अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसपी अंकुर अग्रवाल ने दी बधाई, अनिल कुमार बने निरीक्षक

**नैमिषारण्य,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में नियुक्त उप निरीक्षक (Sub Inspector) अनिल कुमार को ज्येष्ठता के आधार पर निरीक्षक (Inspector) पद पर प्रोन्नति के अवसर पर उनके कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें नए पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस अवसर पर अन्य अधिकारी/कर्मचाकीगण भीमौजूद रहे। सभी के द्वारा उन्हें नवीन दायित्वों के प्रति उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# 15 अप्रैल को कलान व 22 अप्रैल को तिलहर में होगा पेंशन शिविर का आयोजन

❒ पेंशन में आ रही समस्याओं का होगा समाधान, बनेंगे नये प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण, महिला कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि 15 अप्रैल को विकासखंड कलान में तथा 22 अप्रैल को विकासखंड तिलहर में पेंशन शिविर का आयोजन किया जाए। जिसमें वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन मिलने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाए और नई पेंशन के साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएं। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि जांच कर पीड़ित महिलाओं को ही आर्थिक सहायता दी जाए। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बचे हुए आवेदनों की जांच की जाए और पुनः लक्ष्य मिलने पर पहले लंबित आवेदनों की विवाह कराया जाए। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रेरणा कैंटीन एवं उपभोक्ताओं की बिक्री हेतु आवश्यक वस्तुओं की दुकान एसएसजी के माध्यम से खोलने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने अभ्युदय कोचिंग की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पढ़ने वाले शिक्षकों की डिटेल माह वार उपलब्ध कराई जाए, कि किसी शिक्षक ने कितने घंटे बच्चों को पढ़ाया है। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी बनाकर प्रचार प्रसार किया जाए। ट्रिपल सी एवं ओ लेवल के लिए चयनित कोचिंग सेंटर की समय-समय पर जांच की जाए। डीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# पूर्व समाज कल्याण अधिकारी की 2.53 करोड़ की संपत्ति सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

शाहजहांपुर। लखनऊ कमिश्नरेट व शाहजहांपुर पुलिस ने वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में मुख्य आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की लखनऊ में संपत्ति सीज और फ्रीज कर दी है। संपत्ति में भूमि, गेस्ट हाउस और कार शामिल हैं। संपत्ति की कीमत दो करोड़ 53 लाख 85 हजार रुपये आंकी गई है। दरअसल, जुलाई 2023 में वृद्धावस्था पेंशन घोटाले का भंडाफोड़ हुआ था। बुजुर्गों के बैंक खातों में हेरफ़ेर कर करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया था। 28 जुलाई 2023 को जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने थाना सदर बाजार में तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि गिरोह बनाकर वृद्धावस्था पेंशन योजना के लगभग 2,52,39,000 रुपये का सरकारी धन का गबन किया गया है। मूलरूप से मऊ के थाना मोहम्मदाबाद गोहना के गांव तुलसीपुर कुड़वा के रहने वाला राजेश कुमार गिरोह का सरगना था। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। चार अप्रैल के डीएम के आदेश पर अनुपालन में सोमवार को आरोपी के अवैध रूप से अर्जित कुल 2,53,85,000 रुपये की संपत्ति व वाहन को कमिश्नरेट लखनऊ व शाहजहांपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सीज व फ्रीज कर दिया। आरोपी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को न तो खुर्द-बुर्द कर सकेगा और न ही विक्रय कर सकेगा। पुलिस के अनुसार, लखनऊ की तहसील सरोजनी नगर में काकोरी रोड पर गांव सरोसा भरोसा में कुल 0.1848 हेक्टेयर भूमि व श्रीमंगलम गेस्ट हाउस को सीज किया गया है। इसकी अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ 39 लाख 85 हजार रुपये है।



# तीन माह बाद भी पुलिस को खोजे नहीं मिल रहे 21 करोड़ बैंक घोटाले के 10 आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के कोऑपरेटिव बैंक में हुए 21 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले के दस आरोपी लगभग तीन माह बाद भी पुलिस को खोजे नहीं मिल रहे हैं।वहीं इस घोटाले का एक आरोपी मुकदमा लिखे जाने के बाद भी बेख़ौफ़ पूर्व सांसद और विधायक के साथ मंच साझा करते और उनका स्वागत करते हुए देखा रहा है।वहीं गोंडा पुलिस की मानें तो आ रोपी कहीं मिल नहीं रहा है और वह अपना मोबाइ ल बंद करके फरार है और मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकल पा रही है।

यहां बता दें कि 21 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन पाल, अजय कुमार, सुशील कुमार, कैशियर पवन कुमार के अलावा की खाताधारक में से गोंडा जिले क़े एक बीजेपी विधायक क़े करीबी सहित सोलह आरोपी बनाए गए थे। जिसमे गोंडा पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो पुलिस टीमें अन्य जिलों में भी आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रहीं हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे। बताया जाता है कि मामले में अन्य दस फरार आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है। जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं चल रहा है।नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।वहीं मामले की छानबीन कर रहे इंस्पेक्टर क्राइम सभाजीत सिंह के दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।मामले में क्षेत्राधिकारी सदर आनंद राय ने बताया कि सभी आरोपियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस टीम में निगरानी कर रही हैं, शीघ्र ही सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे।



### बैंक घोटाले में शामिल लोगों की संपत्तियां होंगी जब्त

गोंडा। जिले में 21.47 करोड़ रुपये के बहुचर्चित बैंक घोटाले में अब बड़ी कार्रवाई शुरू हो चुकी है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने इस मामले में नामजद करीब पंद्रह आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने की तैयारियां तेज कर दी है। पुलिस जांच में अब तक करीब 6 करोड़ रुपये की संपत्तियों का आकलन किया गया है। जिसमें लग्जरी गाड़ियां, फ्लैट और जमीन शामिल हैं। यह मामला सिर्फ पैसों का नहीं, बल्कि भरोसे के टूटने का है। जिस बैंक में आम लोग अपनी मेहनत की कमाई जमा करते हैं, वहीं अगर फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों रुपये का खेल हो जाए तो लोगों का बैंक सिस्टम से विश्वास डगमगा जाता है।

### ऐसे हुआ था पूरा खेल

गोंडा। जांच में सामने आया है कि बैंक अधिकारियों और कुछ खाताधारकों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर ऋण स्वीकृत किए गए। करीब 210 खातों के माध्यम से 21.47 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया। इस पूरे मामले का खुलासा बैंक की ऑडिट रिपोर्ट में हुआ। जिसके बाद 12 जनवरी 2026 को नगर क्षेत्र में मुकदमा दर्ज किया गया और जांच शुरू हुई।

### सात आरोपियों की संपत्ति का विवरण

गोंडा। बैंक घोटाले में शामिल आरोपियों में पवन पाल के पास इनोवा कार (करीब 30 लाख रुपये), संजना पाल अर्टिगा कार (करीब 12 लाख रुपये), लखनऊ में फ्लैट (40 लाख रुपये), बाराबंकी में फ्लैट (25 लाख रुपये), जय प्रताप सिंह स्विफ्ट कार (10 लाख रुपये), अयोध्या में जमीन (करीब 80 लाख रुपये), राज प्रताप सिंह इनोवा कार (30 लाख रुपये), एसयूवी 700 (20 लाख रुपये), अयोध्या में जमीन (करीब 70 लाख रुपये), शिवाकांत वर्मा गोंडा में जमीन (करीब 20 लाख रुपये), गीता देवी वर्मा गोंडा में जमीन (करीब 6 लाख रुपये) एवं फूल मोहम्मद की गोंडा में जमीन (करीब 70 लाख रुपये) की संपति है। यहां साफ दिखाई दे रहा है कि आम लोगों के भरोसे से निकला पैसा धीरे-धीरे लग्जरी गाड़ियों और जमीन-जायदाद में बदलता चला गया।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ढेमवा रोड के चौखड़िया घाट से गोपसराय जाने वाले रोड पर मंगलवार देर रात पुलिस की पशु चोरों से मुठभेड़ हो गई।इसमें दो शातिर अंतर्जनपदीय पशु चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।मुठभेड़ के दौरान हुई जवाबी फायरिंग में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जब कि उसके साथी को मौके पर ही दबोच लिया गया पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बदमा श क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस,एसओजी और सर्वि लांस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की।इसी दौरान एक संदिग्ध चार प हिया पिकप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया।वाहन में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें दद्दन कंकाली पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी शेखपुरा जफर थाना रौनाही,जनपद अयोध्या गो ली लगने से घायल हो गया।वहीं उसका साथी फा रूक पुत्र सूरत उर्फ नजीर,निवासी थाना रौनाही को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्ता र अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा,कारतूस के साथ चोरी में प्रयुक्त चार पहिया पि कप वाहन बरामद किया है। इसके अलावा एक लाख सत्ताइस हजार नकद भी बरामद किए गए हैं,जो चोरी की गई भैंसों को बेचकर इकट्ठा किए गए थे।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर गोण्डा और बस्ती जनपद में भैंस चोरी की घटनाओं को अंजा म देते थे।अभियुक्त द्दन के खिलाफ आठ और फारूक के विरूद्ध चार मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में पर्वती गांव के एक पशुपालक की तीन भैंसों की चोरी भी इसी गिरोह द्वारा की गई थी।फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। घायल आरोपी का इलाज जिला अस्पताल गोंडा में कराया जा रहा है,जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबि श दे रही हैं।इस कार्रवाई को क्षेत्र में सक्रिय पशु चोरी गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# भौतिकी विषय में मिली पीएच.डी.की उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के भौतिकी विषय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव ने इंपैक्ट ऑफ़ पी टाइप सिलिकॉन ऑन परफॉर्मेंस एंड स्टेबिलिटी ऑफ थर्ड जनरेशन सोलर सेल टॉपिक पर अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो.जितेंद्र सिंह विभागाध्यक्ष भौतिकी के निर्देशन में पूर्ण किया।डॉ.रा.म.लो. अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के सभा कक्ष में आयोजित वाइवा परीक्षा में उन्हें पीएच.डी. की उपाधि प्रदान करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर आयोजित ओपन वाइवा परीक्षा में परीक्षक के रूप में मदन मोहन मालवीय इंजीनियरंग विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रो. डी.के. द्विवेदी सहित अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के विज्ञान संकाय के डीन प्रो. एस.एस. मिश्रा, पूर्व मुख्य नियंता डॉ. ओंकार पाठक, असिस्टेंट प्रो. डॉ. देव नारायण पांडेय, डॉ. अवनीश कुमार मिश्र, शोभित मौर्य तथा आशीष चौधरी, रामबचन, रोहित यादव सहित विश्वविद्यालय के उपाधि विभाग के अवनी कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।

शोध निर्देशक प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस शोध द्वारा सोलर सेल के निर्माण में पी टाइप सिलिकॉन परत की थिकनेस एवं करियर डेंसिटी के प्रभाव का विशेष रूप से अध्ययन किया गया तथा यह पाया गया कि इस परत की थिकनेस एवं करियर डेंसिटी सोलर सेल की दक्षता एवं स्टेबिलिटी को काफी प्रभावित करती है। शोधकर्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया इस शोध से भविष्य की ऊर्जा कहे जाने वाले सौर ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा प्राप्त करने वाले सोलर सेल की दक्षता एवं स्टेबिलिटी को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे सौर ऊर्जा का उपयोग अधिक दक्षता के साथ किया जा सकेगा तथा भारत जैसे विकासशील देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने में यह तकनीक सहायक हो सकेगी।उन्होंने कहा कि इस शोध के दौरान प्राचार्य प्रो.रवींद्र कुमार, शोध पर्यवेक्षक प्रो.जितेंद्र सिंह का अविस्मरणीय सहयोग प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.अंकित मौर्य,डॉ. शैलजा सिंह का टेक्निकल सहयोग रहा। साथ ही मेरी माता श्रीमती विद्यावती श्रीवास्तव, पत्नी रीना श्रीवास्तव, पुत्र अंशित व आयुष ने शोध कार्य के दौरान हमेशा उत्साहवर्धन किया।

# घेरे में आए परिवहन विभाग के अफसर कैसे दौड़ रहे अनफिट 130 स्कूली वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में परिवहन अफसर भले खटारा स्कूली वाहनों पर शिकंजा कसने के दावे करते हैं।लेकिन हकीकत में यही अफसर निजी स्कूलों के दबाव में अनफिट स्कूली वाहनों के सड़कों पर फर्राटा भरने के जिम्मेदार हैं।तभी पिछले वर्ष परिवहन विभाग ने गोंडा जनपद में जो अभियान अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ चलाया उसमें तीन चालान भी रोजाना नहीं किये जा सके।फिलहाल एक से पंद्रह अप्रैल तक अब नया अभियान अफसर चला रहे हैं । परिवहन विभाग ने गत वर्ष पहली जुलाई से स्कू ली वाहनों को लेकर अभियान चलाया गया था। इससे पूर्व भी कई अभियान चलाकर फिटनेस, सेफ्टी,परमिट आदि जांची गई।सिर्फ नाम मात्र बसों का ही चालान हुए हैं।इस तरह आज जनपद गोंडा में 130 अनफिट स्कूली वाहन धड़ल्ले से दौ ड़ रहे हैं।इतना ही नहीं जनपद में कुछ ऐसे स्कूली वाहन है जो बगैर परमिट सड़कों पर रफ्तार भर रहे हैं।कुछ ऐसे स्कूली वाहन हैं जो जिनसे हादसे की आशंका बनी हुई है।स्कूलों में नए सत्र की पढ़ा ई शुरू हो गई है। जनपद में पांच सौ दस स्कूलों में करीब पचास से साठ हजार बच्चे स्कूली वाहनों, वैन,प्राइवेट साधन,ऑटो,ई रिक्शा का इस्तेमाल क रते हैं।स्कूली वाहनों,खासतौर पर वैन से होने वाले हादसों की भरमार है।कुछ वर्ष पहले गोंडा फैजा बाद रोड दर्जी कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र के पास ए क स्कूली बन हादसे की शिकार हो गई थी जिस में कुछ बच्चों को हल्की चोटें आई थी।यही बीते वर्ष नवंबर माह में डुमरियाडीह से बनघुसरा जा रही दस बच्चों से भरी स्कूल वैन में स्पार्किंग से आग लग गई थी।इसमें तीन बच्चे मामूली रूप से झुलस गए थे।ड्राइवर ने खिड़की का शीशा तोड़कर बच्चों की जान बचाई।इस घटना की वजह चालक की सीट के नीचे इंजन में स्पार्किंग होना बताया गया था।




**गोंडा में स्कूली वाहन पंजीकृत 830 वाहनों में से**

**130 वाहन पूरी तरह अनफिट व मानक विहीन**

**जिले में खासतौर पर ई-रिक्शा और वैन से होने वाले हादसों की भरमार**

### ई-रिक्शे व ऑटो भी इस धंधे में लगे

स्कूली वाहनों में बस, वैन, मैक्सी कैब पंजीकरण करवाने के बाद बच्चों को ढो रही हैं,लेकिन स्कूलों के बाहर बड़ी संख्या में ई रिक्शे व ऑटो भी इस धं धे में लगे हुए हैं।यह सुरक्षा से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे है।

### सैकड़ो स्कूली वाहनों का कोई अस्तित्व नहीं

गोंडा जनपद में सैकड़ो ऐसे स्कूली वाहन भी हैंए जिनका कोई अस्तित्व नहीं हैं।इसमें अधिकतर वै न ही हैं।इन वाहनों को घोस्ट वाहन कहा जाता है।इनका पंजीकरण समाप्त हो गया है।फिटनेस नहीं है न ही कहीं किसी प्रकार का डाटा परिवहन विभा ग के पास है।इसमें अधिकतर वाहन ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को ढो रहे हैं।वही परिवहन वि भाग से एक साल का टाटा मांगने पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया अभी डाटा सूचीबद्ध नहीं हो पाया है।

# वॉकथॉन, पोस्टर और नुक्कड़ नाटकों से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल कॉलेज में छात्रों-शिक्षकों ने ली जागरूकता की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर ल्लस्वास्थ्य के लिए एकजुट हों, विज्ञान के साथ खड़े होंङ्क थीम के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान वॉकथॉन, पोस्टर प्रस्तुतियां और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, खुशहाली (वेल-बीइंग) और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया गया।



कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्यों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनभागीदारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। साथ ही ल्लसभी के लिए स्वास्थ्यङ्क को बढ़ावा देने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने सामूहिक शपथ भी ली। इस अवसर पर एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन उप-प्रधानाचार्य डॉ. मालिक सहनवाज, सह-आचार्य डॉ. निपेन्द्र सिंह तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की सह-आचार्य डॉ. गीता के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षकों के सहयोग से किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने बताया कि ल्लस्वास्थ्य के लिए एकजुट हों, विज्ञान के साथ खड़े होंङ्क थीम का उद्देश्य यह संदेश देना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थायी प्रगति के लिए सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच और साक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और विज्ञान के समन्वय से ही समाज को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे भविष्य के चिकित्सक के रूप में समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# 27 ग्राम स्मैक के साथ एसएसबी ने पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी, नानपारा की जी समवाय बलईगांव ने मोतीपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। प्राप्त विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर बलईगांव स्थित यूनिकॉर्न पब्लिक स्कूल के समीप (बी.पी. संख्या 663/1 से लगभग 1.6 किमी दूरी पर) संयुक्त टीम द्वारा विशेष नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। रात करीब 22:02 बजे एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, जिसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू पाल (20 वर्ष), निवासी जनपद बहराइच बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 27 ग्राम स्मैक और एक टीवीएस 125 मोटरसाइकिल बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मादक पदार्थ उसे शेरा (32 वर्ष), निवासी बाराबंकी से मिला था, जिसे वह बलईगांव में किसी अज्ञात व्यक्ति को देने जा रहा था। कार्रवाई में एसएसबी टीम का नेतृत्व निरीक्षक (जीडी) तिलक राज ने किया। टीम में अन्य जवानों के साथ एनडी डॉग रॉक भी शामिल रहा। वहीं पुलिस टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक अनिल यादव ने किया। बरामद मादक पदार्थ, मोटरसाइकिल और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसएसबी की ओर से बताया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।



# नानपारा नगर पालिका में नामित सभासदों ने ली शपथ, विकास कार्यों को मिलेगा बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । नगर पालिका परिषद नानपारा के सभागार में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सभी नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने वालों में मनीष मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, ऊषा सिंघानिया, तीरथ राम साहू एवं चमन लाल चौरसिया शामिल रहे। समारोह के दौरान सभी सभासदों ने नगर के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गौड़, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, बीजेपी नगर अध्यक्ष रेखा पांडे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अब्दुल वहीद, अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर, बैजनाथ रस्तोगी, सभासद नृपेंद्र प्रताप सिंह, जमाल हामिद, नौशाद, श्याम बिहारी अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और नगर के समग्र विकास के संकल्प के साथ हुआ।




# कर्नलगंज नगर पालिका में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण,अध्यक्षा रहीं अनुपस्थित

### प्रतिनिधि के रूप में पति निभाते दिखे जिम्मेदारी, 'खड़ाऊं राज' के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सभागार में बुधवार को शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।उपजि लाधिकारी नेहा मिश्रा ने सभी नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी नामित सभासदों को ईमानदारी, निष्पक्षता और निष्ठा के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की नसीहत दी।उपजिलाधिकारी ने नगर के समग्र विकास में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर ना ही जनसेवा का मूल उद्देश्य है।शपथ लेने वालों में सभासद शिव शंकर भट्ट उर्फ शिवा भट्ट, मुकेश खेतान,भूपेंद्र सिंह, मधु वर्मा और ओम प्रकाश गौतम शामिल रहे।इस मौके पर अधिशासी अधि कारी सुरभि पाण्डेय,लिपिक आशीष सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी तथा नगर पालिका के कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।इस दौरान सभासदों ने नगर में स्वच्छ ता, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कई निर्वाचित सभासद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे,जिनमें जमील राईनी,मुख्तार, नीरज जायस वाल,परवेज आलम, सचिन गुप्ता, डॉ. रामतेज, इलियास अंसारी, इरफान, प्रेमचंद सोनी और विनीत पाण्डेय प्रमुख रहे।वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद के द्वारा नामित सभासद के अलावा किसी भी बोर्ड सदस्य को आमंत्रित नहीं किया गया,जिसकी शि कायत वहीं पर उप जिलाधिकारी से की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।लेकिन इस पूरे आयोजन में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रामलली कार्यक्रम से पूरी तरह नदारद रहीं।उनकी अनुपस्थिति में उनके पति रामजी लाल मोदनवाल बतौर प्रतिनिधि कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए।पालिका अध्यक्षा की गैरमौजूदगी को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।स्थानीय स्तर पर पहले से ही यह आरोप लगते रहे हैं कि नगर पालिका में वास्तविक संचालन अध्यक्षा के बजाय उनके पति द्वारा किया जा रहा है। शपथ समारोह के दौरान भी उनकी सक्रियता ने इन आरोपों को और हवा दे दी है।मामला तब और गंभीर हो गया जब इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूत्रों का कहना है कि यह स्थिति शासन के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है,जहां निर्वाचित पदाधिकारी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कार्य संचालन किया जाना नियम विरुद्ध है।इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी और संबंधित उच्चाधिकारी इस पूरे मामले पर मौन साधे हुए हैं,जिससे उनकी कार्य शैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका में नियम-कायदों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है और ल्लखड़ाऊं राजङ्क की स्थिति बनी हुई है, जहां वास्तविक अधिकार किसी और के हाथ में है।लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न उपस्थित रहे प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विकासखण्ड मरौरी सभागार में सभ्यता देवी ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत मरौरी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुयी। जिसमें संजय सिंह गंगवार गन्ना विकास एवं चीनी मिलें के प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा बैठक में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बैठक में मेहरवान सिंह राना एडीओ पंचायत द्वारा क्षेत्र पंचायत की पिछली बैठक की कार्यवाही पढकर सुनायी गयी। तदोपरान्त सम्बन्धित विभागों के उपस्थित अधिकारियों नरेन्द्र कुमार जैसल,अवर अभियन्ता ग्रा0अभि0वि0,अनीता चौधरी सी0डी0पी0ओ0, डॉ0 साहिस पाल सिंह एम0ओ0आई0सी0 न्यूरिया, शिवम प्रसाद, ए0एम0 डी0आई0सी0 एवं अन्य अधिकारियों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी सदन को दी गयी। तदोपरान्त लियाकत अली,खण्ड विकास अधिकारी मरौरी के द्वारा विकास खण्ड स्तर से होने वाली समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में 48 ग्राम प्रधान एवं 67 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में 43 कार्यों के प्रस्ताव पारित हुये। अन्त में सभ्यता देवी वर्मा ब्लॉक प्रमुख मरौरी के द्वारा बैठक में आये हुये सभी सम्मानित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

# पुस्तकालय में बच्चे समाचार पत्र पढ़कर ले रहे देश दुनिया की खबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विकासखंड मरौरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय कोहना का पुस्तकालय सुंदरता की मिसाल बन गया है। भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन नेशनल बुक ट्रस्ट की विभिन्न ज्ञानवर्धक लगभग 650 पुस्तके पुस्तकालय में उपलब्ध है। जो बच्चों को ज्ञान की परिभाषा को दर्शाती हैं। इसके अलावा विद्यालय के बच्चे विभिन्न समाचार पत्रों का भी अध्ययन करके देश और दुनिया में घटने वाली घटनाओं का अवलोकन करते हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिल्पी मिश्रा ने पुस्तकालय को आकर्षक और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। पुस्तकालय में रंगीन पेंटिंग्स, हरे पौधे और आरामदायक बैठने की व्यवस्था है, जो बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती है।पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो बच्चों की रुचि और शैक्षिक स्तर के अनुसार हैं। शिक्षकों की देखरेख में बच्चे नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में मदद मिलती है। विद्यालय का पुस्तकालय बच्चों के लिए एक आदर्श स्थान है, जहां वे न केवल पढ़ाई कर सकते हैं, बल्कि अपने ज्ञान और कौशल को भी विकसित कर सकते हैं।

# सैदपुर प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे डीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विकास खंड मरौरी क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में आयोजित निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम में संपन्न हुआ है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह एवं ग्राम प्रधान शिवम मौर्य ने बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक मात्र माध्यम है जो बच्चे के जीवन को नई दिशा देती है और उनके सपनों को पूरा करने का रास्ता खोलती है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे विद्यालय में आकर नियमित पढ़ाई करें। जब हर बच्चा पढ़ेगा, तभी समाज और देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान शिवम मौर्य ने अपने संबोधन में कहां कि हम सभी का कर्तव्य है कि अपने आसपास के बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें और शिक्षा के महत्व को समझाएँ।आइए, हम सभी मिलकर संकल्प लें कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ेंगे और एक शिक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीडीओ संजय कुमार, प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह, प्रधान शिवम मौर्य,एएनएम अभिभावक छात्र-छात्राएं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

# अध्यापक संगोष्ठी व वार्षिक उत्सव में मेधावियों का सम्मान, 'स्कूल चलो अभियान' को मिला बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय, वैदहा (जयसिंहपुर) में अध्यापक संगोष्ठी, वार्षिक उत्सव एवं 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिससे समूचा वातावरण ज्ञान एवं संस्कार की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरणा मिली। अतिथियों के स्वागत एवं उद्बोधन का दायित्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कांति सिंह ने निभाया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए 'स्कूल चलो अभियान' के महत्व को रेखांकित किया तथा अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठ्यपुस्तक लेखक सर्वेश कंत वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला कल्याण विभाग की प्रतिनिधि रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला हेल्पलाइन विभाग की प्रतिनिधि सीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन सेवाएं संकट की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने शिक्षा के प्रसार एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। आए हुए अतिथियों के प्रति अजीत यादव ने आभार व्यक्त किया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबू राजकिशोर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बाबू राजकिशोर सिंह की पूण्यतिथि जिला एवं सत्र न्यायालय में बीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्व अध्यक्ष काशी प्रसाद शुक्ल, शिवमंगल शुक्ल, नरेन्द्र बहादुर सिंह, महेन्द्र प्रसाद शर्मा,मान सिंह,एसपी सिंह, संजय सिंह, रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने उनके चित्र पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कहाकि स्व. सिंह बार एसोसिएशन को बढ़ाने के साथ जिले की राजनीति को नई गति दी। उनके कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरुरत है। अधिवक्ताओं व वादकारियों को प्रसाद भी वितरण किया गया। आयोजक समिति ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। यहां पर आशीष अग्रवाल, अवधेश सिंह, रंजीत यादव, अनुरुद्ध चौरसिया, धन्नजय उपाध्याय, देवी प्रसाद पाण्डेय, विवेक सिंह, अश्विनी सिंह, रविबंश सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ,बृजेश चौरसिया, अखण्ड प्रताप सिंह मोनू सिंह, संदीप वर्मा, शिवआशीष पाठक, अजय सिंह आजाद समेत अधिवक्ता रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक हुई संपन्न, 78 करोड़ से अधिक का बजट हुआ पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत की विशेष बोर्ड बैठक बुधवार को टाउन हॉल सभागार में आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित मूल बजट को बहुमत से पारित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, वरिष्ठ सभासद भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। करीब 78.35 करोड़ का बजट पास बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका का कुल बजट लगभग 78.35 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। बजट में आय और व्यय के विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई।

आय के प्रमुख स्रोतों पर चर्चा

बोर्ड बैठक में बताया गया कि पालिका की आय के प्रमुख स्रोतों में गृहकर, जलकर, दुकान किराया, लाइसेंस शुल्क, नीलामी, होर्डिंग व विज्ञापन शामिल हैं। इसके अलावा राज्य वित्त आयोग से लगभग 35 करोड़ रुपये तथा 14वें/15वें वित्त आयोग से करीब 15 करोड़ रुपये की आय का प्रावधान किया गया है। अमृत योजना, वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं से भी आय प्राप्त होने की उम्मीद जताई गई।

**व्यय मदों में विकास को प्राथमिकता**

बैठक में शहर के विकास कार्यों पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न मदों में बजट स्वीकृत किया गया।

**सफाई व्यवस्था और उपकरणों पर करोड़ों रुपये का प्रावधान**

सीवर एवं जल निकासी व्यवस्था पर लगभग 7 करोड़ रुपये सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिए विशेष बजट, स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल, दवा व सफाई निरीक्षण के लिए अलग धनराशि, स्ट्रीट लाइट एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, मलिन बस्ती विकास, पार्क निर्माण, गौशाला संचालन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भी बजट पास किया गया।

सभासदों ने रखे अपने-अपने प्रस्ताव

बैठक के दौरान सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं उठाईं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**शहर के विकास की दिशा तय : डॉ आस्था**

पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था सुधार, बेहतर जल निकासी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर वरिष्ठ सभासद भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, राशिद हुसैन, सुनीता सिंह, अनस अंसारी, शरीफ अंसारी, जाहिदा बी, इक़बाल हजरत, शैलेन्द्र कौर, पंकज तिवारी, नितिन सक्सेना, शिवम श्रीवास्तव, चैतन्य गंगवार, राजेन्द्र भारती, सुरेश लोधी आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक भर्ती हेतु 16 अप्रैल को होगा दस्तावेजों का सत्यापन

बहराइच । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनपद बहराइच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संचालित रिक्त संविदा चिकित्सकों (ए.बी.बी.एस.) के पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार से पूर्व दस्तावेज सत्यापन (डी.वी.पी.) का कार्य सीएमओ कार्यालय के धनवन्तरी सभागार में 16 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक किया जायेगा। सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन हेतु गठित डी.वी.पी. कमेटी में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा, एन.एच.एम. के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक व जिला लेखा प्रबन्धक को सदस्य नामित किया गया है।

## बेमौसम आंधी-बारिश से तबाही, किसानों की टूटी कमर किसान नेता स्वराज सिंह ने मुआवजे की मांग

पूरनपुर। लगातार हो रही बेमौसम बरसात तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। पूरनपुर और कलीनगर सहित पूरे जिले में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने खेतों में खड़ी पकी गेहूं और अन्य रबी फसलों को बर्बाद कर दिया। तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल खेतों में गिर गई, जिससे कटाई के लिए तैयार फसल खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों को फसल सड़ने का डर सता रहा है। आंधी पानी के चलते बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बिना मौसम बारिश ने किसानों की समस्याओं को बड़ा दिया है जिसको लेकर किसान काफी परेशान हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने मुआवजे मांग की है।


## लोहे की रॉड से हमला दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर ।कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर 2 में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है घटना 4 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है पीड़ित अभिषेक पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार अपने घर के बाहर बैठकर मोबाइल से वीडियो बना रहा था इसी दौरान मोहल्ले के तरुण वाल्मीकि व अजीत वाल्मीकि निवासी मोहल्ला बमनपुरी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर घायल को बचाया आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मेडिकल परीक्षण कराया और 7 अप्रैल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक पर जानलेवा हमला, मोबाइल व नकदी लूटी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

पूरनपुर ।थाना पूरनपुर क्षेत्र के मोहल्ला रजागंज में एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार,मोहल्ला रजागंज वार्ड नं. 8 निवासी शावान पुत्र नबी हसन 6 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे घर से बाजार जा रहा था तभी रास्ते में गुड्डू पुत्र वरफू,अरबाज पुत्र बब्लू निवासी रजागंज पूरनपुर देहात अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के साथ दो मोटरसाइकिलों पर पहुंचे आरोप है कि सभी के हाथों में धारदार हथियार, लोहे की रॉड और डंडे थे पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने हनीफ के घर के पास उसे घेरकर जबरन रोक लिया और जान से मारने की नीयत से बेरहमी से हमला कर दिया हमले में शावान के सिर, आंख के पास और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा आरोप है कि हमलावर मारपीट के बाद उसे जबरन मोटरसाइकिल पर लादकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे इसी दौरान पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए,जिससे हमलावर फरार हो गए पीड़ित का यह भी आरोप है कि हमलावर उसका मोबाइल फोन (मोटोरोला) और करीब 5,500 रुपये नकद भी छीनकर ले गए घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है शावान ने बताया कि घटना के तुरंत बाद वह थाना पूरनपुर पहुंचा, जहां उसका मेडिकल तो कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई साथ ही आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश कर रहा है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# विद्यालय में हुआ विदाई समारोह बच्चों को दिया गया परीक्षाफल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनता जनार्दन लघु माध्यमिक विद्यालय तेरयें भदैयां सुल्तानपुर में बच्चों का विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के अभिभावक और ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक अमर बहादुर सिंह ने बच्चों को सम्मानित कर शुभ आशीष दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक रिपु दमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती रंजना सिंह अरविंद प्रताप और राकेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। सभी उपस्थित शिक्षकों अभिभावकों और गाँव वाँसियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक रिपु दमन सिंह के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अमेठी पुलिस को आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में मिला प्रथम स्थान

अमेठी । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आईजीआरएस मासिक रैंकिंग माह मार्च में जनपद अमेठी पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और प्रदेश में लगातार छठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक एवं आईजीआरएस के नोडल अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व आईजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर के कुशल नेतृत्व में थानों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण व शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये संतुष्टि फीडबैक के आधार पर शासन द्वारा मासिक रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा माह मार्च हेतु जारी की गयी रैंकिंग में जनपद अमेठी को सौ प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में लगातार छठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उक्त सराहनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व जनपद के थानों पर आईजीआरएस में नियुक्त पुलिस कर्मियों की प्रसंशा की गयी तथा भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# निजी स्कूलों की 'लूट' पर कांग्रेस मुखर आज बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार

सुल्तानपुर। जनपद में निजी विद्यालयों की मनमानी और अभिभावकों के कथित आर्थिक-मानसिक शोषण के खिलाफ अब माहौल पूरी तरह गरमा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए ऐलान किया है कि आज 9 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और आक्रामक रूप दिया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए कहा कि निजी स्कूलों ने शिक्षा को धंधा बना दिया है। रजिस्ट्रेशन, एडमिशन फीस, किताब-कॉपी और ड्रेस के नाम पर अभिभावकों से खुलेआम लूट मचाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा वसूली तंत्र प्रशासन की शह पर चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं। शहर अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस लूट और शोषण पर तत्काल रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

**जिले ने निजी स्कूलों ने शिक्षा को बनाया है धंधा : अभिषेक सिंह राणा**

जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा। युवा छात्र नेता मानस तिवारी ने कहा कि अब अभिभावकों का गुस्सा फूटने के कगार पर है और कांग्रेस उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी। यह सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि हर परिवार के सम्मान और भविष्य का सवाल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि 9 अप्रैल को होने वाले प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रशासन को सीधी चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह आंदोलन जल्द ही जन आक्रोश की लहर बनकर सड़कों पर फूटेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि आंदोलन की जानकारी जिलाधिकारी को दे दी गई है।

## सम्पादकीय

# ईरान करता बड़े पलटवार, अमेरिका दोस्तों से ही लाचार

ऐसा मान लेना जल्दबाजी होगी कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जिसे 'दलाल' कहा था, उसी पाकिस्तान ने जंग रुकवा दी। प्रारम्भिक तौर पर अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पोस्ट से जरूर यह लगता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं दो हफ्तों के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं। ट्रंप ने कहा कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से बातचीत के बाद लिया गया। उन दोनों ने मुझसे नियोजित हमलों को टालने का आग्रह किया था। राष्ट्रपति का यह निर्णय वाला बयान, उस समय सीमा के सिर्फ एक घंटा पहले आया, जिसके बाद उन्होंने 'एक पूरी सभ्यता का नामोनिशान मिटा देने' की धमकी दी थी। जो भी हो, युद्ध एक सभ्य दुनिया के लिए महापाप ही होता है। इसे शुरू करने के 40वें दिन अचानक शांति का ख्याल आ जाने के पीछे कुछ तो हुआ होगा। उस तय लाइन पर आगे बढ़ने के लिए गुरुवार 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में बातचीत करने का निर्णय हुआ। दुनिया इससे राहत की सांस लेगी, इसके संकेत मिलने शुरू हो गये। युद्धविराम घोषित होते ही कच्चे तेल की कीमत करीब 100 डॉलर प्रति बैरल नीचे आ गया। शुरुआती घंटों में ही भारत के शेयर बाजार में भी रौनक देखने को मिलने लगी थी। खबर पहले भी थी कि पाकिस्तान बातचीत में मध्यस्थता कर रहा है। फर्क यह है कि अब आधिकारिक रूप से दोनों पक्षों के घोषित प्रतिनिधि आमने-सामने बैठेंगे। स्वाभाविक है कि इतनी भयावह तल्खी के बाद सहमति के लिए लेनदेन भी होगी। इस 'दलाली' में मध्यस्थ को क्या मिलेगा, यह भी देखना है। अब मध्यस्थता अथवा दलाली मुख्य प्रश्न नहीं है। प्रश्न है कि किन परिस्थितियों में संघर्ष रोकना पड़ा। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के कहने भर से यह हो गया, प्रारम्भिक तौर पर दुनिया में इसे कोई नहीं मान रहा। अभी तो राष्ट्रपति ट्रंप की बेचारगी और लाचारी ही दिख रही है। इसे समझने के लिए युद्ध विराम पर इजराइल के पहले बयान पर नजर डालनी चाहिए। बयान के एक हिस्से में कहा गया है, इजराइल अमरीका की उस कोशिश का समर्थन करता है जिसमें यह सुनिश्चित करना है कि ईरान अब परमाणु हथियार, मिसाइल या आतंक का खतरा न बने। न अमरीका के लिए, न इजराइल के लिए, न ईरान के अरब पड़ोसियों के लिए और न ही दुनिया के लिए। दरअसल, ईरान खतरा न बने, यह तो बातचीत के रुख से तय होगा। अभी वह अपने उन पड़ोसियों के लिए खतरा जरूर है, जहां अमरीकी अड्डे हैं। ईरान ने युद्ध के दौरान साफ कर दिया था कि वह अपने 'पड़ोसी भाइयों' पर नहीं बल्कि उनके यहां अमरीकी ठिकानों पर हमले कर रहा है। यही नहीं, ईरान ने ट्रंप की ताजा धमकी के बाद मध्य एशिया के विभिन्न देशों में मौजूद महत्त्वपूर्ण पुलों, जैसे कुवैत का शेख अल अहमद अल सबाह सी ब्रिज, सऊदी अरब और बहरीन को जोड़ने वाला किंग फहद कॉजवे, जार्डन का किंग हुसैन ब्रिज, दामिया और अब्दौलन ब्रिज को निशाने पर रखा था। उसने इजराइल के परमाणु ठिकानों और मध्य एशिया की कई रिफाइनरीज पर भी हमले की योजना बना ली। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि ये सम्बंधित देश ट्रंप पर युद्ध रोकने का दबाव बढ़ा रहे थे। बातचीत किस दिशा में जाएगी, इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल तो अमरीका की लाचारी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आए होर्मुज प्रस्ताव से भी समझा जा सकता है। ट्रंप का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले सुरक्षा परिषद में होर्मुज खोलने पर बहरीन की तरफ से आया प्रस्ताव गिर गया। इस पर वोटिंग में रूस और चीन ने वीटो कर दिया। और तो और, जिस पाकिस्तान के मध्यस्थ होने की खबर है, वह मतदान से गैरहाजिर रहा। पाकिस्तान इस समय सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। परिणाम यह रहा कि होर्मुज को खुलवाने के अमरीकी इरादे को धक्का पहुंचा। बातचीत के परिणाम का इंतजार करना होगा।

# कांग्रेस अध्यक्ष का अनर्गल प्रलाप

**ऐसे में अब प्रश्न यही उठता है कि आखिर समाज में जहर कौन फैला रहा है कौन समाज को बांटने वाली भाषा का उपयोग कर रहा है या वह जो विकास और समावेशन की बात कर रहा है वस्तुतः कहना होगा कि आज मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान कांग्रेस की वर्तमान स्थिति को भी दर्शाता है, जहां ठोस मुद्दों की बजाय भावनात्मक और विभाजनकारी भाषा का सहारा लिया जा रहा है। कांग्रेस को यह समझ लेना होगा कि भारत की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह भाषण से कहीं अधिक काम देखती है। आरोपों से अधिक वह परिणामों का मूल्यांकन करती है। देश में पिछले वर्षों के दौरान व्यापक स्तर पर जिस प्रकार से जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ है और उनका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है, उसने आज विकास की राजनीति को टिकाऊ बना दिया है। यही कारण है जो भाजपा लगातार राज्यों में अपनी जीत दर्ज करा रही है। यहां समग्रता से कांग्रेस के लिए कहना यही है कि वह समय के साथ अनर्गल प्रलाप और झूठ फैलाना बंद करे।**

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा तथ्यों, नीतियों और विचारों से हटकर कटु, उग्र और विभाजनकारी भाषा में बदल जाए, तब समझ लीजिए वह लोकतंत्रीय चेतना को आहत करने लगी है। कहना होगा कि कांग्रेस के रार्ष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा असम की एक चुनावी सभा में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जहरीला सांप बताने वाला बयान इसी गिरते राजनीतिक स्तर का परिचायक है। यह टिप्पणी देखी जाए तो संपूर्ण लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सामाजिक सौहार्द पर आज प्रश्नचिह्न खड़ा करती दिखती है।

असम के नीलांबाजार में दिए गए इस बयान में खड़गे ने धार्मिक संदर्भ का उपयोग करते हुए मुसलमानों से यहां तक कह दिया कि कुरान में लिखा है कि नमाज पढ़ते समय अगर कोई जहरीला सांप दिख जाए तो उसे तुरंत मार देना चाहिए। इसी तर्ज पर उन्होंने भाजपा-आरएसएस को खत्म करने की बात कही। बोले, बीजेपी-आरएसएस वह जहरीला सांप है। अगर इन्हें नहीं मारा तो जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। यह भाषा राजनीतिक आलोचना कहीं से भी नहीं है बल्कि एक खतरनाक संकेत समाज में वैमनस्य फैलाने के संबंध में है।

यदि इस पूरे विवाद को तथ्यों और जमीनी हकीकत के संदर्भ में देखा जाए, तब सच स्वयं में प्रकाशमान हो उठता है, समझ आता है कि कांग्रेस के रार्ष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का लगाया गया आरोप कितना विद्वेशपूर्ण और असत्य है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अक्सर अल्पसंख्यक खासकर (मुसलमान और ईसाई) विरोधी होने का आरोप लगाया जाता है, किंतु सरकारी योजनाओं और उनके लाभार्थियों के आंकड़े इस दावे को कमजोर करते हैं। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हर विपदा के दौरान एवं सहज स्थिति में समाज जीवन के हित जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, वे इस झूठ को सिरे से नकारने के लिए पर्याप्त हैं। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं पर नजर डालें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इनका लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2015 से 2024 के बीच लगभग 03 करोड़ से अधिक पक्के मकानों का निर्माण हुआ। विभिन्न राज्यों के आंकड़ों के अनुसार, इन लाभार्थियों में अल्पसंख्यक समुदाय की हिस्सेदारी कई स्थानों पर उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक रही है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कई जिलों में मुस्लिम लाभार्थियों की हिस्सेदारी 25 फीसद से 35 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई, जबकि उनकी जनसंख्या लगभग 18ऽ20% के आसपास है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन वितरित किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें बड़ी संख्या में मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक महिलाओं को लाभ मिला। कई सामाजिक अध्ययनों में यह पाया गया कि ग्रामीण मुस्लिम परिवारों में उज्ज्वला योजना का प्रभाव विशेष रूप से सकारात्मक रहा, जिससे धुएं से होने वाली बीमारियों में कमी आई। किसी को नहीं भूलना चाहिए कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना एक ऐतिहासिक पहल रही है। इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 06 करोड़ से अधिक अस्पताल उपचार इस योजना के तहत हो चुके हैं। इनमें अल्पसंख्यक समुदाय की भागीदारी उल्लेखनीय रही है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय बड़ी संख्या में रहते हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रभाव भी उल्लेखनीय है। इस योजना के तहत अब तक 40 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से लगभग 60 फीसद लाभार्थी महिलाएं हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, मुस्लिम समुदाय के छोटे व्यापारियों और कारीगरों ने इस योजना का व्यापक लाभ उठाया है। कई राज्यों में मुद्रा लोन प्राप्त करने वालों में मुस्लिम उद्यमियों की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक पहुंची है। शिक्षा के क्षेत्र में भी केंद्र



सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाएं उल्लेखनीय हैं। प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप के तहत हर वर्ष लाखों छात्रों को सहायता दी जाती है। 2014 से 2023 के बीच 05 करोड़ से अधिक छात्रवृत्तियां वितरित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या मुस्लिम छात्रों की रही है। इसके बाद के सालों में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, वस्तुतः यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार की प्राथमिकता समावेशी विकास है, न कि चयनात्मक लाभ किसी को प्रदान करना है। अब एक सरल उदाहरण से भी इसे समझ लेते हैं, मान लीजिए किसी राज्य में मुस्लिम आबादी 20 प्रतिशत है, किंतु जब सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन आते हैं, तो उनमें से 30ऽ40 प्रतिशत लाभार्थी मुस्लिम समुदाय से होते हैं। इसका कारण यह है कि ये योजनाएं धर्म के आधार पर नहीं, आर्थिक और सामाजिक जरूरत के आधार पर लागू की जाती हैं। यानी जो गरीब है, वंचित है, वही प्राथमिकता में आता है चाहे वह किसी भी धर्म-समुदाय का ही क्यों न हो। राज्य स्तर पर भी यही प्रवृत्ति दिखाई देती है। असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में चल रही योजनाओं में सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था और योजनाओं के वितरण में पारदर्शिता आई है, जिससे सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिला है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड, दिल्ली, गुजरात, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आज आप किसी भी भाजपा शासित राज्य के आंकड़ों को उठाकर देख कसते हैं। जनसंख्या के अनुपात में सबसे अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उल्पसंख्यक विशेषकर मुसलमानों के द्वारा ही उठाया जा रहा है। इसके विपरीत, कांग्रेस का राजनीतिक नैरेटिव लंबे समय से भय और भ्रम पर आधारित रहा है। अल्पसंख्यकों में उसके द्वारा खासतौर पर मुसलमानों और ईसाईयों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की जाती रही है कि भाजपा और संघ उनके विरोधी हैं। किंतु जब वास्तविकता में योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचता है, तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ता है। राजनीतिक विमर्श में भाषा की मर्यादा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जहरीला सांप और मार देना चाहिए जैसे शब्द सीधे तौर पर उकसावे की श्रेणी में आते हैं। यह लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करते हैं और समाज में विभाजन को बढ़ावा देते हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में इस प्रकार की भाषा बोलना पूरी तरह से अनुचित और खतरनाक है। यह सभी समझ लें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर यदि निष्पक्ष दृष्टि से विचार किया जाए, तो उसका मूल उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना और उसे सशक्त बनाना है। संघ की प्रार्थना में प्रतिदिन भारत को परम वैभव तक पहुंचाने की कामना की जाती है। यही दृष्टिकोण भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जहां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास उसकी नीति का आधार है।

ऐसे में अब प्रश्न यही उठता है कि आखिर समाज में जहर कौन फैला रहा है कौन समाज को बांटने वाली भाषा का उपयोग कर रहा है या वह जो विकास और समावेशन की बात कर रहा है वस्तुतः कहना होगा कि आज मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान कांग्रेस की वर्तमान स्थिति को भी दर्शाता है, जहां ठोस मुद्दों की बजाय भावनात्मक और विभाजनकारी भाषा का सहारा लिया जा रहा है। कांग्रेस को यह समझ लेना होगा कि भारत की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह भाषण से कहीं अधिक काम देखती है। आरोपों से अधिक वह परिणामों का मूल्यांकन करती है।

देश में पिछले वर्षों के दौरान व्यापक स्तर पर जिस प्रकार से जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ है और उनका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है, उसने आज विकास की राजनीति को टिकाऊ बना दिया है। यही कारण है जो भाजपा लगातार राज्यों में अपनी जीत दर्ज करा रही है। यहां समग्रता से कांग्रेस के लिए कहना यही है कि वह समय के साथ अनर्गल प्रलाप और झूठ फैलाना बंद करे। वास्तविक विकास बनाम विकास विहीन समाज के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से समझ ले, अन्यथा ऐसा न हो कि कांग्रेस जो अभी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है, उसके लिए स्वयं का अस्तित्व भी बचाए रखना मुश्किल हो जाए, क्योंकि जनता सब देख रही है, वो सब जानती है!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# राघव चड्ढा से दूरीः बढ़ती दरार या नेतृत्व पर सवाल?

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के भीतर जिस तरह हाशिए पर धकेला गया है, उसने न केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि पार्टी की आंतरिक स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्हें राज्यसभा में नेता पद से हटाया जाना महज एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

हालांकि राघव चड्ढा अभी भी पार्टी में बने हुए हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व और उनके बीच बढ़ती दूरी अब छिपी नहीं है। पार्टी नेताओं द्वारा उनकी 'पार्टी लाइन' से विचलन पर की गई तीखी आलोचना और दूसरी ओर राघव का सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को जनहित के मुद्दों का पक्षधर बताना, स्पष्ट संकेत देता है कि दोनों पक्षों के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरा चुके हैं। राघव चड्ढा पार्टी के शुरुआती दौर से जुड़े रहे हैं और उन्हें 'थिंक टैंक' के रूप में देखा जाता था। ऐसे में उनकी भूमिका को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता केवल एक व्यक्ति का संकट नहीं, बल्कि संगठनात्मक असंतुलन का प्रतीक बनती जा रही है। यह पहली बार नहीं है जब पार्टी के किसी प्रमुख चेहरे ने दूरी बनाई हो। पिछले एक दशक में कई बड़े नेताओं का पार्टी से अलग होना एक पैटर्न की ओर इशारा करता है। शाजिया इल्मी, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, आशुतोष, अलका लांबा जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं बल्कि वे ऐसी शख्सियत थीं जिन्होंने कभी पार्टी की वैचारिक दिशा तय की थी। लगातार हो रहे इन प्रस्थानों से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि समस्या व्यक्तियों में थी या फिर पार्टी की कार्यशैली और नेतृत्व शैली में कोई मूलभूत कमी है। एक-एक कर पार्टी छोड़ चुके नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उनकी व्यक्तिगत महत्वकांक्षा के चलते पार्टी दिशा भ्रमित हो गई है। आम आदमी पार्टी की शुरुआत 2012 में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जनांदोलन से हुई थी, जिसका मूल आधार पारदर्शिता, जवाबदेही और आंतरिक लोकतंत्र था। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आआपा के कई नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और सत्येंद्र जैन को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाना पड़ा, हालांकि अभी उन पर अदालत से दोष सिद्ध नहीं हुआ, लेकिन निःस्संदेह, इससे पार्टी की छवि पर धब्बा तो लगा है।

कई पूर्व नेताओं ने खुलकर यह कहा कि पार्टी में निर्णय कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित हो गए हैं। इससे न केवल असहमति की जगह कम हुई, बल्कि संवाद की संस्कृति भी प्रभावित हुई। परिणामस्वरूप, संगठन के भीतर विचारों की विविधता की जगह टकराव ने ले ली। दिल्ली और पंजाब में सत्ता हासिल करने के बाद पार्टी का तेजी से विस्तार हुआ, लेकिन इस विस्तार के साथ मजबूत संगठनात्मक ढांचे की जरूरत भी बढ़ी। विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी इस चुनौती से पूरी तरह नहीं निपट सकी। समन्वय की कमी, संवादहीनता और नेतृत्व पर अत्यधिक निर्भरता ने कई बार आंतरिक असंतोष को जन्म दिया।

राघव चड्ढा को पार्टी के युवा और शिक्षित चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे रणनीतिकार, प्रवक्ता और संसदीय नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। हालांकि, वर्ष 2023 में उन पर राज्यसभा में 'फर्जी हस्ताक्षर' से जुड़ा विवाद भी सामने आया, जिसके कारण उन्हें निलंबन झेलना पड़ा। उन्होंने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया। महत्वपूर्ण यह है कि पार्टी ने कभी भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार या अनुशासनहीनता का औपचारिक आरोप नहीं लगाया, फिर भी उन्हें पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि असहमति को किस तरह देखा जा रहा है। यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े प्रश्न की ओर ले जाता है। क्या आम आदमी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र कमजोर हो रहा है क्या पार्टी में वैकल्पिक विचारों के लिए पर्याप्त जगह है जब भी कोई वरिष्ठ नेता असहमति जताता है और अंततः किनारे हो जाता है, तो यह केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं रह जाता, बल्कि संस्थागत संरचना पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। वास्तविकता यह है कि जिस 'ईमानदारी' और 'पारदर्शिता' के आधार पर पार्टी खड़ी हुई थी, वही आज सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व पर लगे आरोप न्यायालय में सिद्ध नहीं हुए हैं, फिर भी सार्वजनिक धारणा राजनीति में उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी कानूनी सच्चाई। राघव चड्ढा प्रकरण केवल एक नेता की कहानी नहीं है, यह उस पार्टी की आंतरिक स्थिति का प्रतिबिंब है, जिसने कभी वैकल्पिक राजनीति का सपना दिखाया था।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है ज्यादा उबासी आना

हमें जब नींद ज्यादा आती है या फिर हमें थकान ज्यादा महसूस होती है तो उबासी आती है। लेकिन नींद पूरी होने के बावजूद और थकान भी नहीं होने पर भी बार-बार उबासी आना सेहत के लिए खतरनाक है। दिन भर में 3 से 4 बार उबासी आना आम बात है, लेकिन कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। उबासी आने के कई कारण होते हैं जैसे अधिकतर थकान, उनींदापन, किसी भी चीज में अरुचि के कारण भी उबासी आने लगती है। बॉडी में ऑक्सीजन की कमी होने से भी उबासी आती है। उबासी का ज्यादा आना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए जानते हैं कि ज्यादा उबासी आने का कारण क्या है और इसका उपचार कैसे है। लीवर खराब होने पर ज्यादा थकावट होने लगती है। थकान महसूस होने पर उबासी आती है। डॉक्टर्स के अनुसार, दिल और फ़ेफड़ों की बीमारियों के कारण भी ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। जब दिल और फ़ेफड़े सही तरह से काम नहीं करते तो अस्थमा की समस्या होने लगती है। अगर समय रहते इसका इलाज करवाया जाए तो परेशानी से बचा जा सकता है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, ब्रेन स्टेम में जख्म की वजह से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। पिट्यूटरी ग्लैंड दब जाने के कारण भी ऐसा होता है। बीपी और दिल की धड़कन का कम होना भी उबासी बढ़ाता है। तनाव से भी अक्सर लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसा होने पर ऑक्सीजन ब्रेन तक नहीं पहुंच पाती। इस स्थिति में उबासी के जरिए शरीर में ऑक्सीजन पहुंचती है। यदि शरीर में ब्लड ग्लूकोज का लेवल कम हो जाए, तो समझ लीजिए कुछ गड़बड़ है। उबासी आना हाइपोग्लाइसीमिया का शुरुआती संकेत होता है। ब्लड में ग्लूकोज लेवल कम होने से उबासी आनी शुरू हो जाती है। बार-बार उबासी आना हाइपोथायरॉइडिज्म की निशानी हो सकती है। शरीर में थाइरॉयड हॉर्मोन कम बनने पर ऐसा होता है। बोरियत उबासी का सबसे बड़ा कारण है। जब आप बोर होते हैं तो ज्यादा उबासी आती है। ऐसी स्थिति में थोड़ी देर विराम लें, अपनी सीट छोड़ें, और अपने आपको दूसरे कामों में लगाएं। थकान के कारण उबासी आती है इसलिए पानी पीना भी इससे छुटकारा पाने का एक अच्छा तरीका है। पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

## धर्म मंत्र

# हनुमान चालीसा का पाठ करने से होते हैं कई लाभ

रामभक्त, संकटमोचन, बजरंगबली, पवनपुत्र, केसरीनंदन, आंजनेय आदि नामों से प्रसिद्ध गुणों के निधान हनुमान जी का जन्म चैत्र मास की पूर्णिमा को हुआ था। इस कारण से हर वर्ष हनुमान जयंती चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है। आज देश भर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। हनुमान जी जैसा पराक्रमी, बुद्धिमान और अतुलित बलशाली दूसरा कोई नहीं है। हनुमान जयंती के अवसर पर आप हनुमान जी की आराधना करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें। हनुमान चालीसा का पाठ अपने आप में ही उनकी पूजा के लिए संपूर्ण है। हनुमान चालीसा हनुमान जी के पराक्रम के गुणगान से परिपूर्ण है। उसकी चौपाइयों को पढ़ने से आपके जीवन के सारे कष्ट, रोग, भय, दरिद्रता, जड़ता, बुद्धिहीनता जैसी बुराइयों का अंत हो जाता है। आपके बिगड़े काम बन जाते हैं। हनुमान जयंती पर हम आपको हनुमान चालीसा के महत्व और चमत्कारी लाभ के बारे में बता रहे हैं। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के साथ हनुमान चालीसा की भी रचना की थी। इसमें हनुमान जी के बाल्यकाल की घटनाओं के साथ प्रभु श्रीराम की सहायता, सीता माता की खोज, लंका दहन जैसी पराक्रम से जुड़ी घटनाओं का वर्णन है। कहा जाता है कि जब हनुमान जी ने बाल्यकाल में सूर्यदेव को एक लाल फल समझ कर निगल गए थे, तब इंद्र ने वज्र से उन पर प्रहार कर दिया, जिससे वो मुर्छित होकर गिर पड़े। इस बात को जानकर पवन देव क्रोधित हो गए। वहीं, जब देवताओं को पता चला कि हनुमान जी कोई और नहीं बल्कि भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार हैं, तब उन्होंने हनुमान जी को एक-एक करके अपनी शक्तियां प्रदान कीं।

## पर्यटन



# सऊदी अरब के पांच ठिकाने हैं वेकेशन के लिए बेस्ट

सऊदी एक प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बहुत ही खूबसूरत देश है। कोरोना महामारी के चलते भले ही पिछला साल पर्यटन के मामले में कुछ खास नहीं रहा लेकिन वैसे यह देश पूरे साल दुनियाभर के पर्यटकों के स्वागत के लिए खुला रहता है। यहां आप खूबसूरत नज़ारों को देखने के साथ ही हर तरह की खरीददारी का भी लुत्फ उठा सकत हैं। रैड सी यानि लाल सागर के क्रिस्टल जैसे पारदर्शी पानी के साथ यह देश असंख्य कोरल्स से घिरा है। रियाध के बाहरी इलाके में दिरियाह की युनेस्को साईट वर्ल्ड हेरिटेज साईट है, जहां प्राचीन सत्तारूढ़ अल सऊद परिवार का शासन है। यहां आपको रास्ते में ईंटों से बने घर मिलेंगे जो कई पीढ़ियों की जीवनशैली पर रोशनी डालते हैं। अगर आप सऊदी संस्कृति और इतिहास के बारे में जानना चाहते हैं तो सऊदी म्युज़ियम और सलवा पैलेस जाएं, यहां बड़ी संरचनाएं आपका मन मोह लेंगी। हरियाली और तालाबों से घिरे रेस्तरां और कॉफी शॉप में आप पारम्परिक व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। अलउला एक शानदार डेस्टिनेशन है जिसका 200,000 साल पुराना मानव इतिहास है। इसे प्राकृतिक चट्टानों के निर्माण, आधुनिक वास्तुकला और हेगरा के लिए जाना जाता है, जो सऊदी की सबसे विख्यात तस्वीरों में शुमार हैं। यहां आपका नाबातियन सभ्यता से प्रेरित सैंकड़ों मोनोलिथिक चट्टाने मिलेंगी जो कभी कब्रगाह थीं। आप आस-पास की दरारों और चट्टानों पर अंकित प्राचीन शिलालेखों से क्षेत्र के इतिहास के बारे में भी जान सकते हैं। दुनिया की सबसे इंस्टाग्रामेबल इमारतों में से एक मिरर-क्लैड कॉन्सर्ट हॉल को देखकर आप अचंभित हो जाएंगे। जेद्दाह के प्राचीन केन्द्र, ब्राईड ऑफ द रैड सी, का निर्माण 7वीं सदी में मक्का जाने वाले तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखते हुए किया गया। मक्का का यह नवीनीकृत किया गया गेट आज एक अनूठे प्रवेश द्वारा की भूमिका निभाता है तथा आधुनिक एवं प्राचीन वास्तुकला का बेजोड़ संयोजन है। आप रंगीन सॉक अल अलावी, सउदी के सबसे बड़ी सॉक का अनुभव पा सकते हैं जिन्हें संकरी गलियों, रंग-बिरंगे कैलीडोस्कोप और विदेशी मसालों की खुशबु के लिए जाना जाता है। यहां आप को 500 साल पुरानी इमारतों के साथ हेरिटेज घर, गैलेरियां और म्युज़ियम मिलेंगे, जिन्हें रैड सी (लाल सागर) के कोरल से बनाया गया है।

# टीईटी विरोध में शिक्षक आंदोलित, मसाल जुलूस तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बाराबंकी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुशील कुमार पांडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा की गई।

बैठक में आगामी 13 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रस्तावित मशाल जुलूस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा टेट अनिवार्यता से मुक्ति का संदेश सरकार तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में संबोधित करने वालों में सुशील कुमार पांडे, अरुणेंद्र कुमार वर्मा ल्लमुन्नाङ्क, डॉ. राकेश सिंह, धर्मेंद्र वर्मा,



आनंद पांडेय, राघवेंद्र कुमार सुमन, अमित वर्मा, दिलीप तिवारी, जय कुमार, श्याम किशोर बाजपेई, जय किशन एवं विवेक मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सभी वक्ताओं ने मशाल जुलूस को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक शिक्षक साथियों से जुड़ने और सहभागिता करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने संगठन की एकता को मजबूत करते हुए अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में उमानाथ मिश्र, राजेश श्रीवास्तव, सुनील त्रिपाठी, मोहम्मद आसिम, ललित वर्मा, सत्यप्रकाश तिवारी, कन्हैयालाल मिश्र, पवन मिश्र, उदय अग्रवाल, अनूप अवस्थी एवं अभिजीत श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युग की सशक्त आवाज़ थमी, मोहसिना किदवई का निधन, शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता


बाराबंकी।मोहसिना किदवई का 93 वर्ष की आयु में नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही उनके पैतृक क्षेत्र बाराबंकी पहुंची, पूरे जिले में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। बाराबंकी की मिट्टी से गहरा जुड़ाव रखने वाली मोहसिना जी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सादगी और संघर्ष की मिसाल थीं। उनका जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में रहते हुए संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। वे इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बेहद भरोसेमंद नेताओं में गिनी जाती थीं। केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने शहरी विकास, स्वास्थ्य, परिवहन और ग्रामीण विकास जैसे अहम मंत्रालयों को कुशलता से संभाला। संसद के दोनों सदनों–लोकसभा और राज्यसभा–में उनकी मजबूत उपस्थिति रही। उनकी पहचान एक



निर्भीक, ईमानदार और संवैधानिक मूल्यों में आस्था रखने वाली नेता के रूप में थी। राजनीति के उतार-चढ़ाव के बीच भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। आज उनके जाने से न केवल कांग्रेस, बल्कि पूरे देश की राजनीति ने एक अनुभवी और सम्मानित मार्गदर्शक खो दिया है।

# मालिनपुर का गौरव प्रशांत सिंह बने सेना में लेफ्टिनेंट

बाराबंकी। रामसनेहीघाट क्षेत्र के मालिनपुर गांव के प्रशांत सिंह का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। छठे प्रयास में मिली इस सफलता के पीछे उनका अटूट धैर्य और मेहनत रही। गांव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ और उन्होंने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार पिता से प्रेरणा लेकर प्रशांत ने देश सेवा का मार्ग चुना और आज उसे साकार किया।



## शिक्षा का मंदिर या व्यापार का मॉल

सुल्तानपुर। कहते हैं शिक्षा सेवा है पर कुछ निजी विद्यालयों ने इसे ऐसा स्टार्टअप बना दिया है जहाँ मुनाफा ही असली विषय बन चुका है। कॉपी, किताब और ड्रेस अब ज्ञान के साधन नहीं बल्कि पैकेज डील हो चुके हैं और वो भी ऐसी जिसमें ग्राहक (यानी अभिभावक) की कोई पसंद–नापसंद नहीं चलती। विद्यालय का फरमान साफ है कि कॉपी–किताब वहीं से लो जहाँ हम बताएँगे। ड्रेस उसी दुकान से खरीदो जो मान्य है। और अगर 10वीं में हो तो एनसीईआरटी के साथ बोनस किताब भी ज़रूरी. चाहे उसकी ज़रूरत हो या नहीं। अब सवाल ये है कि ये बोनस ज्ञान के लिए है या बोनस कमाई के लिए? सूत्रों की मानें तो कुछ स्कूलों ने तो खुद ही दुकान खोल ली है। वाह! शिक्षा भी अपनी, दुकान भी अपनी और मुनाफा भी अपना। ऊपर से पब्लिकेशन हाउस के साथ मोटी डील। ताकि हर शाखा में एक ही किताब चले और हर साल वही अनिवार्य खरीदारी जारी रहे। इसे कहते हैं एक तीर से कई जेबें खाली करना। प्रशासन? वो शायद अभी भी फाइलों में नियम–कानून ढूंढ रहा है या फिर इस शिक्षा–व्यापार के सामने उसकी आवाज़ उतनी ही कमजोर है जितनी एक अभिभावक की जेब महीने के अंत में। अभिभावक क्या करे बच्चे का भविष्य दांव पर है. ना कहे तो पढ़ाई पर असर, हाँ कहे तो घर का बजट चरमराए। सवाल ये नहीं कि स्कूल नियम बना रहे हैं। सवाल यह है कि क्या शिक्षा के नाम पर ये मनमानी कब तक चलेगी?

# सनातन धर्म सर्वोपरि उसकी रक्षा एक मात्र लक्ष्य : कौशलेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बाराबंकी में करणी सेना का विस्तार, कौशलेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष मनोनीत

रामसनेही घाट बाराबंकी। सामाजिक एवं राष्ट्रहित में सक्रिय संगठन करणी सेना ने जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए नई नियुक्ति की है। जारी पत्र के अनुसार श्री कौशलेंद्र प्रताप सिंह को करणी सेना का जिला अध्यक्ष (सनातन प्रकोष्ठ युवा मोर्चा) बाराबंकी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति बुधवार को संगठन के प्रदेश नेतृत्व की ओर से की गई। पत्र में उनके द्वारा समाज व राष्ट्र हित में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने आशा जताई है कि वे जल्द ही पूरे प्रदेश में करणी सेना के विस्तार और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सिंह तथा प्रदेश महामंत्री वीर प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की है।

स्थानीय स्तर पर इस नियुक्ति को लेकर सनातनी कार्यकर्ताओं विकास मिश्रा विकास पाठक दीपांशु सिंह शुभम शुक्ला मोनू सरदार सुरेन्द्र पाल हिमांशु तिवारी अमन मिश्रा राणा प्रताप सिंह राजू सिंह ध्रुव पंडित अजय शाहू संजय रावत गणेश सिंह गगन तिवारी कुलदीप मिश्रा राजू पंडित देवनाथ द्विवेदी जितेन्द्र शुक्ला उपेंद्र शुक्ला दीपू शुक्ला आशीष शुक्ला मोनू आदि में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है स्थानीय तौर पर कौशलेंद्र सिंह के निजी व्यवहार व सनातन के प्रति संपूर्ण समर्पण को देखते हुए संगठन को जिले में और मजबूत होने की बात कही जा रही है।

# संदिग्धावस्था में असंद्रा थाना क्षेत्र में चौकी इंचार्ज बनकर टप्पेबाजी,14 हजार रुपये हड़पे, शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## चौकी इंचार्ज ने घटना को संदिग्ध बताते हुए जांच की बात कही

रामसनेहीघाट बाराबंकी। रामसनेहीघाट क्षेत्र में एक चौंकाने वाला सनसनी खेज मामला सामने आया है,जहां एक व्यक्ति ने खुद को पुलिस चौकी इंचार्ज बताकर एक साधु से 14 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि वह जैराम बाबा करारी दास कुटी पर निवास करता है।पहले वह एक धर्मशाला में रहता था,लेकिन कुछ समय पहले वहां से निकाल दिए जाने के बाद उसने किसी तरह महुआ और गेहूं इत्यादि बेचकर 14,000 रुपये इकट्ठा किए थे,ताकि टीन शेड खरीदकर रहने की व्यवस्था कर सके।बताया गया कि वह अपने साथी सतगुरु बाबा के साथ टीन खरीदने के लिए मवई जा रहा था, लेकिन साथी के न जा पाने के कारण वह वापस लौट रहा था।इसी दौरान कल्याणी नदी पुल के पास पहले से खड़े एक व्यक्ति ने खुद को चौकी इंचार्ज बताते हुए उसकी तलाशी ली और जेब में रखे 14,000 रुपये निकाल लिए।आरोप है कि उस व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित को चौकी आने के लिए कहा।पीड़ित जब चौकी पहुंचा तो वहां मौजूद दीवान ने खुद को चौकी इंचार्ज बताया और पैसे लेने की बात से साफ इनकार कर दिया।आरोप है कि इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी छीनकर फेंक दिया गया।बाद में एक सिपाही ने फोन उठाने को कहा।जब पीड़ित ने शिकायत देने की बात कही तो आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उसे 500 रुपये देकर आवेदन न देने का दबाव बनाया और टीन शेड की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।अगले दिन दीवान तेजबहादुर ने भी टीन खरीदने की बात कहकर बाद में पैसे देने का भरोसा दिलाया। लेकिन जब पीड़ित ने टीन खरीदकर बिल भेजा,तो उसे वापस बुलाकर पैसे देने से मुकर गए।पीड़ित ने इसे चौकी इंचार्ज बनकर टप्पेबाजी और लूट का मामला बताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

चौकी दिलावलपुर इंचार्ज ने एक समाचार पत्र प्रतिनिधि को बताया कि आरोप निराधार है,बैंक से पैसे निकालने की बात कही गई थी जब बैंक स्टेटमेंट के लिए पासबुक मांगा गया तो वह भी नहीं उपलब्ध कराए गए और चौकी पर एप्लीकेशन देने की बात कही गई एप्लीकेशन ना देकर वह वहां से चले जाएं। फिलहाल इस घटना की सत्यता य असत्यता को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

## मिशन शक्ति अभियान को चुनौती, खेल मैदान में लड़कियों से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

सुल्तानपुर। जिले में मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत चलाए जा रहे महिला सुरक्षा अभियान को असामाजिक तत्व खुली चुनौती देते नजर आए। कोतवाली देहात क्षेत्र के श्याम नगर गांव स्थित खेल मैदान में प्रैक्टिस करने पहुंची लड़कियों के साथ अभद्रता, छेड़छाड़ और मारपीट की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि कुछ युवक मैदान में पहुंचकर शराब पी रहे थे। खिलाड़ियों द्वारा विरोध करने पर आरोपित युवक फौजदारी पर उतारू हो गए। विवाद बढ़ने के बाद आरोप है कि उन्होंने रास्ते में खिलाड़ियों की घेराबंदी कर जमकर मारपीट की और उत्पात मचाया। इस दौरान लड़कियों को धमकाने और छेड़छाड़ करने की भी बात सामने आई है। घटना से डरी-सहमी खिलाड़ियों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। हालांकि स्थानीय स्तर पर संतोषजनक कार्रवाई न होने पर पीड़ित बच्चियों ने पुलिस अधीक्षक चारू निगम से शिकायत की। संयोगवश, जब पुलिस अधीक्षक चारू निगम आवास जा रही थीं, तभी उनकी नजर बच्चियों पर पड़ी। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर बच्चियों को पास बुलाया और पूरा मामला जाना।

शिकायत सुनने के बाद एसपी ने आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ितों की ओर से झालापुर गांव के मोनू, करण, गोलू, आकाश समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## फटकार नहीं, तथ्य चाहिए, कप्तान पर सवाल उठाने से पहले खबर भी देख लें

सुलतानपुर। जनपद में हाल ही में हुई हाईवे पर ट्रक चालक की हत्या की घटना को लेकर कुछ नाराज पत्रकारों द्वारा पुलिस कप्तान की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या ये आलोचना तथ्य आधारित है या फिर व्यक्तिगत खीझ का नतीजा? घटना गंभीर है इसमें कोई दो राय नहीं। प्रयागराज के एक ट्रक चालक की हत्या हाईवे पर होना निश्चित ही चिंता का विषय है। लेकिन इस एक घटना को आधार बनाकर पूरे जिले की पुलिसिंग को नाकाबिल घोषित कर देना क्या जिम्मेदार पत्रकारिता है।

## घरेलू विवाद बना जानलेवा, पति की मौत, पत्नी हिरासत में

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के कुरथरा गांव में पति–पत्नी के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें 32 वर्षीय मोहित की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शराब की लत को लेकर अक्सर विवाद होता था। बुधवार को हुए झगड़े में पत्नी द्वारा किए गए हमले से मोहित की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर गांव में 63 वर्षीय रामसजीवन की दर्दनाक मौत हुई। तेज आंधी–पानी के बीच भैंस को संभालते समय वे असंतुलित होकर गहरे कुएं में गिर गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रशासन ने घटना की जांच कर परिवार को सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## लापता महिला का नहीं लगा सुराग, परिवार हलकान

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । शौच के लिए निकली 40 वर्षीय महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से पति एवं उसके छह बच्चे परेशान हैं। मसौली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी राकेश कुमार की 40 वर्षीय पत्नी 16 मार्च की शाम करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लापता महिला के तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं, जिनमें एक 4 माह की बच्ची भी शामिल है। महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात भी सामने आई है। मां के लापता होने से बच्चे काफी परेशान हैं और पति राकेश चार माह की बच्ची को लेकर दर–दर भटकने को मजबूर है।

## गौशाला निरीक्षण में एसडीएम सख्त, दिए आवश्यक निर्देश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने औलिया लालपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने पशुओं के लिए स्वच्छ पानी व पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भूसा, दाना व साइलेज उपलब्ध पाया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र वर्मा, सचिव रवि कुमार, लेखपाल आशुतोष सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान' रैली, जागरूक हुए अभिभावक

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्राथमिक विद्यालय करौरा के शिक्षकों व छात्र–छात्राओं ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापिका संगीता तिवारी के नेतृत्व में निकली रैली में छात्रों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता के नारे लगाए। इस दौरान शिक्षक अखिलेश सिंह, ज्योति चतुर्वेदी, प्रहलाद कुमार व विमल ने अभिभावकों से बच्चों का नामांकन कराने की अपील की।

## नगर पालिका पर फर्जीवाड़े का आरोप

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर गांव में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। शिव नन्दन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पैतृक मकान को हड़पने के लिए उनके सगे चाचा एव चाची ने नगर पालिका कर्मियों से मिलीभगत कर कूटरचित वसीयतनामा तैयार कर लिया। शिकायत के अनुसार, मकान संख्या 168 पहले उनके बाबा छेदीराम के नाम था, जो बाद में उनकी पत्नी धनपत्ती देवी के नाम दर्ज हुआ। आरोप है कि चाचा भोलानाथ और चाची गीता देवी ने वर्ष 2008 में ही फर्जी वसीयत बनवा ली, जबकि धनपत्ती देवी उस समय जीवित थीं। हैरानी की बात यह है कि 2 अप्रैल 2013 को दाखिल–खारिज कर मकान गीता देवी के नाम दर्ज कर दिया गया, जबकि धनपत्ती देवी की मृत्यु 2 फरवरी 2014 को हुई। कानूनी रूप से वसीयत व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही प्रभावी होती है, ऐसे में पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में एक गवाह सहित नगर पालिका के लिपिक और अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। कोतवाली नगर व पुलिस अधीक्षक में शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने से शिकायतकर्ता ने दीवानी न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और सीजेएम सुल्तानपुर की अदालत में 173 /4 का वाद दायर किया जिसमे थाने की रिपोर्ट आ गई है अगली सुनवाई हेतु 8/4/2026 नियत थी जिसमे सीनियर अधिवक्ता दिनेश चंद्र गौड़ के बहस को सुनने के पश्चात आदेश के लिए सुरक्षित किया।

## तहसील मुख्यालय पर गेहूं क्रय केंद्र खोलने की किसानों ने उठाई मांग

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर गेहूं क्रय केंद्र न होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद व्यवस्था न होने के चलते उन्हें मजबूरन अपने गेहूं को औने–पौने दामों पर व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। इससे उनकी मेहनत और लागत का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय किसानों के अनुसार, यदि तहसील मुख्यालय पर ही क्रय केंद्र खुल जाए, तो उन्हें दूर–दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय व खर्च दोनों की बचत होगी। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के किसान अमरजीत सिंह, शेषनाथ सिंह, राजमणि पांडे, शेर बहादुर सिंह, अरविन्द तिवारी आदि ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र न होने से क्षेत्र के किसान सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। किसानों ने यह भी कहा कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों से मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

# अमेठी में विवादित होर्डिंग से खफा सपा नेताओं ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । रेलवे स्टेशन अमेठी के पास लगाई गई विवादित होर्डिंग को लेकर समाजवादी पार्टी ने कड़ी नाराजगी जताई है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ लगाये गये आपत्तिजनक पोस्टरों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर सपा नेताओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बीते दिन जिले के विभिन्न स्थानों पर सपा प्रमुख के खिलाफ पोस्टर लगाये गये जिससे माहौल खराब करने की कोशिश की गई लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। सपा के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि सपा प्रमुख के खिलाफ लगाये गये पोस्टर बेहद निंदनीय हैं और यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ हैं और समाज में गलत



संदेश देती हैं। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद अब तक दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है जो चिंताजनक है।उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सपा अपने नेता के सम्मान के साथ कोई समझौता नही करेगी।इस मौके पर सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह सहित अन्य तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, फंदे से लटका मिला शव

बाराबंकी। सफदरगंज क्षेत्र के सायपुर गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा केवीपी में खाता खुशी पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला के नाम से खुला था जबकि मेरे मूल दस्तावजों में मेरा नाम शिप्रा शुक्ला पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला दर्ज है ये दोनों नाम मेरे है अतः मुझे शिप्रा शुक्ला नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

प्रार्थीनी– शिप्रा शुक्ला उर्फ खुशी, पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला, ग्राम व पोस्ट सेमरौता तिलोई, जिला अमेठी

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिंधु ने रोमांचक जीत दर्ज की, लक्ष्य सेन बाहर

एजेंसी

निंगबो। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के पहले दौर में कड़ा मुकाबला जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई। करीब दो महीने बाद कोर्ट पर उतरी सिंधु को मलेशिया की वर्ल्ड नंबर-38 वोंग लिंग चिंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

पहला गेम 15-21 से गंवाने के बाद सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-11, 21-19 से जीत लिए। एक घंटे सात मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद अब उनका सामना दूसरे वरीयता प्राप्त चीन की वांग झी यी से होगा।




इससे पहले आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर-7 और पिछले साल के कांस्य पदक विजेता ली शी फेंग को 21-13, 21-16 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। 51 मिनट में मिली इस जीत के बाद आयुष अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के ची यू जेन से भिड़ेंगे। हालांकि, भारत के लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें हांगकांग के ली चेक यू के खिलाफ 12-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में मालविका बंसोड़ और तन्वी शर्मा भी अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में हारकर बाहर हो गईं। दिन के बाद के मुकाबलों में एच एस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और उन्नति हुड्डा एकल वर्ग में एक्शन में नजर आएंगे। भारतीय परिणाम (राउंड ऑफ 32):

महिला एकलः पी वी सिंधु ने वोंग लिंग चिंग (मलेशिया) को 15-21, 21-11, 21-19 से हराया बसानन ओंगबामरुंगफान (थाईलैंड) ने मालविका बंसोड़ को 21-10, 21-19 से हराया

करुपाथेवन लेटशाना (मलेशिया) ने तन्वी शर्मा को 21-19, 21-14 से हराया पुरुष एकलः आयुष शेट्टी ने [5] ली शी फेंग (चीन) को 21-13, 21-16 से हराया ली चेक यू (हांगकांग) ने लक्ष्य सेन को 21-12, 21-19 से हराया महिला युगलः ली यी जिंग/लुओ शू मिन (चीन) ने कविप्रिया सेल्वम/सिमरन सिंघी को 21-9, 21-8 से हराया हाथाइथिप मिजाद/नपापाकोर्न तुंगकसाटन (थाईलैंड) ने अश्विनी भाट के./शिखा गौतम को 21-10, 21-10 से हराया।

# बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने किया बड़ा उलटफ़ेर, वर्ल्ड नंबर-7 ली शी फेंग को हराया

एजेंसी

बीजिंग । भारत के उभरते सितारे आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर-7 और हांगकांग ओपन 2025 के चैंपियन ली शी फेंग को सीधे गेम में 21-13, 21-16 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। इस जीत के साथ आयुष प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। पहले गेम में ली शी फेंग ने तेज शुरुआत की, लेकिन आयुष ने 4-4 पर बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबला 7-7 तक कांटे का रहा, लेकिन यहीं से भारतीय खिलाड़ी ने मैच पर पकड़ बना ली। यूएस ओपन 2025 के विजेता आयुष ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार अंक जुटाए और पहला गेम 21-13 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी शुरुआत में चीनी खिलाड़ी ने दबाव बनाया और बढ़त हासिल की। हालांकि, आयुष ने कई बार स्कोर बराबर किया और 13-13 के बाद पूरी तरह मैच का रुख




बदल दिया। उन्होंने लगातार छह अंक जीतते हुए मुकाबला 21-16 से खत्म किया। यह मैच कुल 51 मिनट तक चला। भारत का बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो स्वर्ण पदक रहा है—1965 में दिनेश खन्ना ने पुरुष एकल में और 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में खिताब जीता था। बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप 2026 में भारत की टीमः पुरुष एकलः लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय पुरुष युगलः हरिहरन अम्साकरुनन-एम आर अर्जुन, पृथ्वी के आर-साई प्रतीक के महिला एकलः पीवी सिंधु, मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा

महिला युगलः कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी, प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा, अश्विनी भाट के-एस गौतम

मिक्स्ड डबल्सः ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो, रोहन कपूर-रुत्विका शिवानी, आशिथ सूर्या-अमृता प्रमुथेश।

# संक्षिप्त समाचार

## हंसराज, गार्गी और स्टनर अकादमी की 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में जीत

नई दिल्ली। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की ओर से आयोजित 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट में हंसराज कॉलेज, गार्गी कॉलेज और स्टनर अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। महिला वर्ग के पहले मुकाबले में हंसराज कॉलेज ने कड़े संघर्ष में मैत्रेयी कॉलेज को 55-51 से हराया। इस रोमांचक मैच में हंसराज कॉलेज की नव्या ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
महिला वर्ग के एक अन्य मुकाबले में गार्गी कॉलेज ने मिरांडा हाउस पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 47-23 से मुकाबला अपने नाम किया। गार्गी कॉलेज की कामाक्षी ने शानदार खेल दिखाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरुष वर्ग में स्टनर अकादमी ने रामजस कॉलेज को 67-60 से हराकर मुकाबला जीता। इस मैच में स्टनर अकादमी के अजय राठी ने अहम भूमिका निभाई और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में सभी टीमों ने प्रतिस्पर्धात्मक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबले रोमांचक बने रहे। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और बास्केटबॉल के स्तर को बढ़ावा देना है।

## अर्जेंटीना दौरे के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 13 से 17 अप्रैल 2026 तक ब्यूनस आयर्स में खेला जाएगा, जहां भारत को मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलनी है। यह दौरा एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है, जो अपने शांत स्वभाव और बेहतरीन खेल के लिए जानी जाती हैं। इस दौरे की सबसे बड़ी खबर फॉरवर्ड दीपिका की वापसी है, जो चोट से उबरकर टीम में लौटी हैं। उनकी वापसी से टीम को पेनल्टी कॉर्नर पर मजबूती मिलेगी। उनके गैरमौजूदगी में नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अन्नू जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। गोलकीपिंग विभाग में अनुभवी सविता की वापसी टीम के लिए राहत भरी खबर है। हाल के क्वालिफायर में उनकी अनुपस्थिति में बिचू देवी ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी उपयोगिता साबित की थी। अब दोनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा टीम के लिए फायदेमंद साबित होगी।
डिफेंस में ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान की वापसी भी टीम को मजबूती देगी। वहीं, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, रुतुजा पिसाल, ईशिका और साक्षी राणा जैसे युवा खिलाड़ियों पर भी सभी की नजरें रहेंगी, जिन्होंने हाल के समय में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। मुख्य कोच सजॉर्ड मारिजन ने टीम चयन पर कहा कि यह दौरा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने और टीम संयोजन को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है। भारत और अर्जेंटीना के बीच चारों मुकाबले 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को खेले जाएंगे। सभी मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) शुरू होंगे। अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम (24 सदस्यीय) गोलकीपर: सविता, बिचू देवी डिफेंडर: निक्की प्रधान, ईशिका चौधरी, सुशीला चानू, मनीषा चौहान, ललथांतलुआंगी, ज्योति, उदिता। मिडफील्डर: वैष्णवी फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, रुतुजा पिसाल, ईशिका फॉरवर्ड:बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, मुमताज खान।

## फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026: दिव्या देशमुख ने अन्ना मुजिचुक को हराकर संयुक्त बढ़त बनाई, प्रज्ञानानंद हारे

साइप्रस । फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 के आठवें राउंड में मंगलवार को भारत की दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर चल रहीं अन्ना मुजिचुक को हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। अपने पहले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेल रहीं दिव्या ने शुरुआत में दबाव झेला, लेकिन एंडगेम में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ वह मुजिचुक, आर वैशाली, झू जिनर और कटरीना लाग्नो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मुकाबले के मिडिलगेम और शुरुआती एंडगेम में मुजिचुक का नियंत्रण दिख रहा था और खेल ड्रॉ की ओर बढ़ता नजर आ रहा था। हालांकि 76वें मूव के बाद दिव्या ने लगातार चेक देते हुए विरोधी राजा को खुली स्थिति में ला दिया। 80वें मूव पर मुजिचुक की एक गलती भारी पड़ी और दिव्या ने निर्णायक हमला बोलते हुए जीत दर्ज कर ली। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में वैशाली ने बिबिसारा अस्साउबायेवा के खिलाफ ड्रॉ खेला, जबकि लाग्नो ने अलेक्जेंड्रा गोर्याच्किना को हराया। झू जिनर ने तान झोंगयी पर जीत हासिल की। ओपन वर्ग में शीर्ष पर चल रहे जावोखिर सिंदारोव और आंद्रेई एसिपेंको के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। खेल के मध्य चरण में दोनों खिलाड़ियों ने संतुलित खेल दिखाया और अंततः मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत के आर प्रज्ञानानंद को अनीश गिरी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गिरी ने 36.द्ध6 के महत्वपूर्ण मूव के जरिए दबाव बनाया और प्रज्ञानानंद को अंततः हार माननी पड़ी। अन्य मुकाबलों में हिकारू नाकामुरा ने फैबियानो कारुआना को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेई यी और मैथियास ब्लूबाउम के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

## आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर रखा बरकरार

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद ये जानकारी दी। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करते हुए बताया कि रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। मल्होत्रा ने बताया कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 2026-27 की अपनी पहली मौद्रिक समीक्षा में आम सहमति से नीतिगत दर रेपो को 5.25 फीसदी पर यथावत रखा है। संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट से आपूर्ति शृंखलाा प्रभावित हुई, लेकिन कई अन्य देशों की तुलना में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

# तेलंगाना की मंत्री कोंडा सुरेखा के पोते ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र में एफआईडीई-रेटेड स्कोर हासिल करने का बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

हैदराबाद । तेलंगाना राज्य की बंदोबस्त मंत्री कोंडा सुरेखा के पोता कोंडा श्रेयांश मुरली कृष्ण पटेल ने दो वर्ष 11 महीने की आयु में शतरंज की दुनिया में इतिहास रचते हुए सबसे कम उम्र में एफआईडीई-रेटेड स्कोर हासिल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सत्यापित किया है। श्रेयांश को आने वाले महीनों में ब्रिटिश संसद में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एमएलए एवं एमपी कॉलोनी कल्चरल सेंटर में रॉय चेस एकेडमी ने कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें श्रेयांश ने बंद कमरे में 15 मिनट 52 सेकंड में



93 बैक-रैंक चेकमेट हल किए और 1 घंटे 9 मिनट 9 सेकंड में 21 शतरंज बोर्ड सजाने का अनोखा कारनामा दिखाया। खेल के दौरान मंत्री कोंडा सुरेखा भी शीशे के बाहर से खेलते हुए पोते को निहारती रही। इस उपलब्धि पर मंत्री कोंडा सुरेखा भावुक हो गई और अपने पोते को गले लगाकर खूब दुलार किया। । उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि उनके लिए यह पल एक राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि एक दादी के रूप में गर्व का था। इस मौके पर तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि शतरंज की दुनिया में कम उम्र में उपलब्धियां हासिल करने वाले अन्य खिलाड़ियों में अनिश सरकार का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 3 वर्ष की आयु में एफआईडीई रेटिंग हासिल कर सबसे कम उम्र के रेटेड खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा अभिमन्यु मिश्रा ने 12 वर्ष 4 महीने की उम्र में ग्रैंडमास्टर बनकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया था। हाल ही में 18 वर्ष के भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी ने सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियन का खिताब जीता था।

## बीसीसीआई अंडर-19 एलीट कैंप के लिए हिमाचल की दो महिला क्रिकेटर का चयन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के 2 लड़कियों का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंडर-19 गर्ल्स एलीट कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 27 अप्रैल से 23 मई 2026 तक देश के बैंगलोर स्थित सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। दोनों खिलाड़ियों को 26 मई को सेंटर में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। एचपीसीए से चयनित इन खिलाड़ियों में कांगड़ा से धन्यलक्ष्मी और अहाना शर्मा शामिल हैं।

कैंप में शामिल होने से पहले इन खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस का आकलन धर्मशाला स्थित एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। फिटनेस परीक्षण में सफल होने के बाद ही खिलाड़ियों को कैंप में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। उधर एचपीसीए के मानद सचिव मनुज शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल-पिस्टल : भारतीय पुरुष निशानेबाज 10 मीटर पिस्टल फाइनल से चूके

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज़ बुधवार को लास गाबियास शूटिंग रेंज में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फ़ेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल-पिस्टल के 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। मिश्रित टीम 10 मीटर स्पर्धा में कल स्वर्ण जीतने वाले मुकेश नेलावली भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे और 14वें स्थान पर रहे।



86 निशानेबाज़ों की क्वालिफिकेशन राउंड में मुकेश ने 579-21ब (94, 98, 98, 97, 95) का स्कोर किया, जो फाइनल कट-ऑफ से दो अंक कम था। फाइनल में जगह 581-20ब के स्कोर के साथ एंटोन अरिस्तारखोव ने बनाई। चीन के शिए यू 588-18ब के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे। हालांकि भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आकाश भारद्वाज का रहा, जिन्होंने 580-26ब का स्कोर कर 10वां स्थान हासिल किया, लेकिन वे केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। अन्य भारतीयों में उज्ज्वल मलिक 577-17ब के साथ 22वें, परमोड कुमार 574-16ब के साथ 39वें स्थान पर रहे। वरुण तोमर, जो रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे थे, 569-13ब के साथ 63वें स्थान पर रहे। 25 मीटर पिस्टल महिला में रिदम और दिव्या की अच्छी शुरुआत रिदम सांगवान और दिव्या टीएस ने 25 मीटर पिस्टल महिला स्पर्धा के प्रिसिजन चरण में अच्छी शुरुआत की और दोनों शीर्ष-8 में बनी हुई हैं। रिदम ने 99, 96, 97 के साथ कुल 292-9ब का स्कोर किया, जबकि दिव्या ने 96, 98, 97 के साथ 291-8ब का स्कोर बनाया। तीसरी भारतीय निशानेबाज़ सिमरनप्रीत कौर बरार का दिन अच्छा नहीं रहा और उन्होंने 93, 94, 95 के साथ 282-5ब का स्कोर किया। अभिध्न्या अशोक पटेल और चिंकी यादव ने क्रमशः 286-8ब और 277-7ब का स्कोर किया। 25 मीटर पिस्टल महिला का रैपिड चरण और फाइनल कल आयोजित होगा। वहीं, 10 मीटर एयर राइफल पुरुष की क्वालिफिकेशन और फाइनल तथा 50 मीटर राइफल 3 पोजीशंस महिला का एलिमिनेशन राउंड भी कल खेला जाएगा।]

# अंडर-20 महिला एशियन कप में भारत ने चीनी ताइपे को हराया, क्वार्टरफाइनल की उम्मीदें जिंदा

एजेंसी

नई दिल्ली/थाईलैंड । भारत अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 महिला एशियन कप 2026 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। यह मुकाबला थाईलैंड के पाथुम थानी स्टेडियम में बुधवार को खेला गया। भारतीय टीम ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। भारत की ओर से भूमिका देवी खुमुकचाम ने 26वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि सिबानी देवी ने 32वें और 87वें मिनट में दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। चीनी ताइपे के लिए काओ ह्सिन ने इंजरी टाइम (90+3 मिनट) में एकमात्र गोल किया। भारतीय टीम आखिरी बार 2004 में इस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी, जो इस प्रतियोगिता में उसकी अंतिम उपस्थिति भी थी। अब भारतीय टीम की नजर ग्रुप-बी




के मुकाबले पर टिकी है, जहां उजबेकिस्तान और जॉर्डन के बीच होने वाला मैच निर्णायक साबित होगा। भारत को क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए इस मैच के ड्रॉ रहने की उम्मीद करनी होगी। अगर इस मुकाबले में किसी एक टीम की जीत होती है, तो भारत के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीम के रूप में क्वालिफाई करने की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन की अगुवाई में टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है।

# कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट, ब्रेंट क्रूड का भाव 91.88 डॉलर प्रति बैरल

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ईरान के साथ अस्थायी सीजफायर की घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड करीब 91.88 डॉलर प्रति बैरल तक आ गया, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड करीब 91.05 डॉलर पर पहुंच गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 16 फीसदी यानी 17.39 डॉलर गिरकर 91.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड करीब 20 फीसदी यानी 21.90 डॉलर टूटकर 91.05 डॉलर पर पहुंच गया है। हालांकि, ये कीमतें अभी भी पश्चिम एशिया संकट शुरू होने से पहले के स्तर से ज्यादा हैं। विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल में यह गिरावट




कितनी टिकेगी, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सीजफायर कितनी मजबूती से लागू होता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होती है या नहीं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर संभावित हमले को दो हफ्तों के लिए टालने का फैसला किया है, जिससे वैश्विक बाजारों में राहत दिखी। इसमें होर्मुज जल-डमरू-मध्य को आवाजाही के लिए फिर से खोलने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

# ईरान के बीच सीजफायर से बाजार मजबूत, सेंसेक्स 2983 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली । अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर का एलान दुनिया के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार के लिए भी राहत लेकर आया। बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक लंबी छलांग लगाकर बंद हुए। लगातार पांचवें दिन तेजी दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,946.32 अंक या 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 3,018.96 अंक या 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 77,635.54 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 873.70 अंक या 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 901.5 अंक या 3.89 प्रतिशत की तेजी आई और यह 24,025.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 8.22 प्रतिशत की उछाल देखी गई।




लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और मारुति भी प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड इस मामले में पिछड़ गए। अमेरिका-ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम, तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अन्य अनुकूल कारकों के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 3.5% से अधिक की तेजी आई और लगातार पांचवें सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इस तेज उछाल से बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में लगभग 16.59 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 446 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार के कारोबारी सत्र के बाद बाजार के सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 13.89 प्रतिशत गिरकर 94.09 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी 6.87 प्रतिशत और जापान का निक्केई 225 सूचकांक 5.39 प्रतिशत बढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी तेजी से ऊपर चढ़े। यूरोपीय बाजारों में काफी तेजी देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार स्थिर रुख के साथ बंद हुए। निफ्टी के टॉप गेनर्स रुपया 47 पैसे बढ़कर 92.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख बेंचमार्क दर को अपरिवर्तित रखते हुए तटस्थ रुख अपनाने के बाद, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 47 पैसे मजबूत होकर 92.59 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनायेंगे भारत और बंगलादेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और बंगलादेश ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की इच्छा दोहराते हुए साझेदारी की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की है।

भारत की यात्रा पर आये बंगलादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान और विदेश मंत्री डा एस जयशंकर के बीच बुधवार को यहां हुई मुलाकात के दौरान यह सहमति बनी। डा जयशंकर ने वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों में मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

उन्होंने कहा ,'' आज दोपहर बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और उनके प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी कर खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को विभिन्न आयामों में मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और निकट संपर्क में बने रहने पर सहमति बनी।''



विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर भी उपस्थित थे। विदेश मंत्री ने बंगलादेश की नयी सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की भारत की इच्छा को दोहराया। दोनों पक्षों ने संबंधित द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से साझेदारी को और गहरा करने के प्रस्तावों की संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की। आगामी आधिकारिक बैठकों के शीघ्र आयोजित होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री रहमान ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी मुलाकात की।श्री रहमान तीन दिन की यात्रा पर मंगलवार शाम यहां पहुंचे थे और वह गुरुवार सुबह मॉरिशस रवाना होंगे। उनकी इस यात्रा को बंगलादेश में नयी सरकार के गठन के बाद दोनों देशों के संबंधों को फिर से सामान्य बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। बंगलादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किये जाने के बाद से अंतरिम सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास पैदा हो गयी थी। बंगलादेश में चुनाव के बाद नयी सरकार आने के बाद से दोनों देश संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

# चुनाव आयोग के साथ तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में तनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां बातचीत में साफ-साफ कहा कि पश्चिम बंगाल में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विधानसभा चुनाव धमकी, भय हिंसा और प्रलोभन और हिंसा से मुक्त रहें।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओबेरॉयन ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि चुनाव आयोग के साथ आज की मुलाकात की मात्र सात मिनट चली। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने उनके प्रतिनिधिमंडल को ''गेट लॉस्ट'' (निकल जाओ ) कहा। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने इस बात पर बल देने के लिए ये वाक्य को मीडिया के समक्ष ,अंग्रेजी ,हिंदी और बंगला तीन भाषाओं में बोला। इस बीच इस बैठक के बारे में चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा,'' श्री ओब्रायन बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार पर चीखने लगे थे।'' बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी भी उपस्थित थे। आयोग के सूत्रों ने कहा कि '' मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने श्री ओब्रायन से आयोग के कक्ष में गरिमा बनाए रखना का निवेदन किया और कहा कि चीखना- चिल्लाना और अमर्यादित आचरण करना उचित नहीं है। सूत्रों के अनुसार आयोग ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम बंगाल में सुनिश्चित किया जाएगा कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से, भय, प्रलोभन से मुक्त, छाप रहित और बूथ तथा ''सोर्स जैमिंग'' रहित संपन्न हों। तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ राज्य में चुनाव के बारे में स्पष्ट की गयी उपरोक्त बातों को आयोग की ओर से सोशल मीडिया पर भी स्पष्ट किया गया है। श्री ओब्रायन ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में चुनाव आयोग पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 09 आधिकारिक पत्रों पर चुप्पी साधे रखी और इस मामले में आयोग का व्यवहार अपमानजनक रहा। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) नंदीग्राम क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता से मिले हुए हैं। सीईओ और भाजपा के उसे नेता की साठगांठ जग जाहिर हो चुकी है। श्री ओब्रायन ने कहा कि संवैधानिक मर्यादा ऑन की रक्षा करने की जगह चुनाव आयोग के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का अपमान किया और उन्हें आयोग के परिसर से बाहर जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से बात को सोशल मीडिया पर तोड़ना मरोड़ कर पेश किया जा रहा है जो शर्मनाक है। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने आयोग के सोशल मीडिया पोस्ट पर भी आपत्ति करते हुए कहा कि कोई संवैधानिक निकाय एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के बारे में ऐसी बात कैसे कह सकता है।

# हवाई अड्डों पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क घटाने का आदेश

## टिकट के दाम नियंत्रित रखने में मिलेगी मदद

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा संचालित बड़े हवाई अड्डों से इतर सभी एयरपोर्ट पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है ''पश्चिम एशिया में जारी संकट के मद्देनजर'' यह फैसला किया गया है ताकि विमान सेवा कंपनियों की बढ़ती लागत के कारण टिकट की कीमतों में तेज वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके।

इसमें कहा गया है कि एएआई बड़े हवाई अड्डों के इतर अपने सभी हवाई अड्डों पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में तीन महीने के लिए स्वीकृत दर से 25 प्रतिशत की कटौती करेगा। सभी घरेलू उड़ानों के लिए मंगलवार को जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन महीने की अवधि समाप्त होने से पहले इस आदेश की समीक्षा की जायेगी। इस आदेश का सबसे अधिक लाभ छोटे और मझौले शहरों के हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन करने वाले ऑपरेटरों को होगा। नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह विमानन क्षेत्र के लिए समय पर उठाया गया कदम है। लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में कमी से एयरलाइंस के लिए संचालन की परिस्थितियों में ज्यादा स्थिरता आयेगी, लागत प्रबंधन आसान होगा और विश्वास बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट से उपजी आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमत में तेजी से इजाफा हुआ है। हालांकि भारत में सरकार के हस्तक्षेप के कारण घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमत ज्यादा नहीं बढ़ी है, लेकिन फिर भी एयरलाइंस के बैलेंसशीट पर दबाव बढ़ा है। विमान सेवा कंपनियों के कुल व्यय में तकरीबन 35-40 प्रतिशत इसी मद में खर्च होता है।

# पश्चिम एशिया : सरकार बोली देश में अन्य ऊर्ज़ा संसाधनों के साथ कोयले का भी पर्याप्त बफर स्टॉक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अमेरिका तथा ईरान के बीच संघर्ष विराम को पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की दिशा में कदम बताया है और कहा है कि सरकार देश में ऊर्ज़ा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। कोयला मंत्रालय ने इस कड़ी में विद्युत मंत्रालय , रेल मंत्रालय और राज्यों के साथ बेहतर उपलब्धता तथा समन्वय के माध्यम से किफायती दृष्टिकोण अपनाया है।

पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देने के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर देश में कोयले का पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखा गया है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च से अब तक 5 किलोग्राम के लगभग 8.9 लाख फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर बेचे गए। अकेले मंगलवार को 1.1 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे गए जबकि फरवरी में हर रोज औसत 77,000 सिलेंडर बेचे जाते थे।

सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गुरुवार से उर्वरक संयंत्रों के लिए गैस आवंटन को छह माह की औसत खपत के लगभग 95 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। सरकार की अपील के बाद अब तक 17 हजार 100 से अधिक पीएनजी उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किये हैं। पश्चिम एशिया में विभिन्न जहाजों पर तैनात 1,754 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गयी है जिनमें से 63 पिछले 24 घंटों में वापस आये हैं। अधिकारियों ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में कोयला क्षेत्र पर अधिक जिम्मेदारी है और यह उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय रेल के सहयोग तथा खदानों और तापीय विद्युत संयंत्रों में पर्याप्त कोयला भंडार के कारण यह संभव हो पाया है। पूरी मूल्य श्रृंखला में कोयले का पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखा गया है। इसके अतिरिक्त, लगभग 17 टन कोयला खदानों और परिवहन के दौरान उपलब्ध है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड, सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड, कैप्टिव खदानों, बंदरगाहों और ट्रांजिट में उपलब्ध भंडार शामिल हैं।कोयला उत्पादन निरंतर खपत के स्तर के अनुरूप बना हुआ है और इसमें कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हो रही है लेकिन एलपीजी वितरक एजेंसियों में किसी भी प्रकार की आपूर्ति समाप्त होने की सूचना नहीं है। ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 95 प्रतिशत तक बढ़ गई है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। मंगलवार को लगभग 4000 छापे मारे गए और पूरे देश में करीब 1000 सिलेंडर जब्त किए गए।अब तक देशभर में 56,000 से अधिक एलपीजी सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आकस्मिक निरीक्षणों को मजबूत किया है और 1770 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 175 एलपीजी वितरक एजेंसियों पर दंड लगाया है तथा 51 वितरक एजेंसियों को निलंबित किया है। पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम के बाद ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक नया परामर्श जारी करते हुए भारतीय नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित मार्गों के अनुसार दूतावास के समन्वय में शीघ्रता से ईरान से बाहर निकलें।

## संजय राउत का केंद्र पर तीखा हमला, भारत की वैश्विक भूमिका पर उठाए सवाल

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि भारत की वैश्विक साख कमजोर हुई है, जबकि पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष में मध्यस्थता कर अपनी भूमिका मजबूत की है। श्री राउत ने इस स्थिति को ''शर्मनाक'' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और कहा कि देश का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर निर्णायक भूमिका निभाने में विफल रहा है। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर पर भी निशाना साधते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। हालिया संघर्ष का जिक्र करते हुए श्री राउत ने कहा कि ईरान ने अमेरिका और इजरायल जैसे शक्तिशाली देशों के खिलाफ एक महीने से अधिक समय तक मजबूती से डटे रहकर अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष ने इन वैश्विक शक्तियों के प्रति बनी धारणा को भी चुनौती दी है। श्री राउत के अनुसार, जहां अंततः अमेरिका को शांति स्थापित करने का श्रेय मिला, वहीं चीन और पाकिस्तान को भी उनकी भूमिकाओं के लिए मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि भारत को यह कूटनीतिक लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय नीति के अभाव में ऐसा नहीं हो सका। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए श्री राउत ने आरोप लगाया कि जब वैश्विक तनाव बढ़ रहा था, तब केंद्र सरकार घरेलू राजनीति में व्यस्त रही। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रभावशीलता घटने का भी आरोप लगाया। इस्लामाबाद में संभावित शांति बैठक की खबरों पर भी उन्होंने टिप्पणी करते हुए इसे भारत की छवि के लिए झटका बताया और कहा कि पाकिस्तान की बढ़ती कूटनीतिक सक्रियता केंद्र की नीतियों का परिणाम है। श्री राउत ने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन जैसे संघर्ष अब भी जारी हैं, जबकि पहले इन्हें रोकने के दावे किए गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारत का नेतृत्व अब केवल वैश्विक नेताओं से फोन पर बातचीत तक सीमित रह गया है, जिसका कोई ठोस परिणाम नहीं दिख रहा। विदेश मंत्री पर तीखी टिप्पणी करते हुए श्री राउत ने कहा कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने विरोधियों को कम आंकते हुए भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाया है।

## भारतीय सेना का दल सैन्य अभ्यास 'साइक्लोन' में हिस्सा लेने के लिए मिस्र रवाना

नयी दिल्ली। भारतीय सेना के 25 सैनिकों का एक दल भारतऽमिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास ''साइक्लोन'' के चौथे आयोजन में भाग लेने के लिए मिस्र रवाना हो गया है।यह अभ्यास गुरुवार से 17 अप्रैल तक अंशास में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह अभ्यास भारत और मिस्र के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग का हिस्सा है और इससे पहले भारत में सफलतापूर्वक आयोजित अभ्यास के तीसरे आयोजन के बाद हो रहा है। भारतीय सेना का यह दल विशेष बल इकाइयों से संबंधित है और यह वास्तविक संचालन परिदृश्य में मिस्र के अपने समकक्षों के साथ प्रशिक्षण करेगा। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त मिशन योजना क्षमताओं को बढ़ाना और विशेष अभियानों में सर्वोत्तम विधियों के आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक संचालन क्षमता में सुधार करना है। भाग लेने वाले सैनिक मरुस्थलीय और अर्ध-मरुस्थलीय क्षेत्र में विशेष संचालन रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर केंद्रित विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लेंगे। यह संयुक्त अभ्यास पेशेवर विशेषज्ञता के पारस्परिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देगा और आपसी सौहार्द के संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा । इसके साथ ही यह एक-दूसरे की सैन्य परंपराओं और संस्कृतियों की बेहतर समझ विकसित करेगा। ''साइक्लोन'' जैसे द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं, जो पारस्परिक विश्वास को बढ़ाते हैं और दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंधों को मजबूत करते हैं।

## केंद्र सरकार ने मणिपुर में सेना के ट्रक जलाए जाने और 22 जवानों के मारे जाने के फर्जी दावों का किया खंडन

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर मणिपुर में सेना के ट्रक जलाए जाने और 22 जवानों के मारे जाने संबंधी अफवाहों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए पहले से ही संवेदनशील सुरक्षा स्थिति के बीच इस तरह के झूठ फैलाने के खिलाफ चेतावनी दी है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत के बाद व्याप्त तनाव के बीच पाकिस्तानी प्रचार नेटवर्क ने राज्य में भारतीय सेना के ट्रकों को जलाए जाने और 22 जवानों के मारे जाने के मनगढ़ंत दावे प्रसारित करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में सेना के ट्रकों में आग लगाने की फर्जी अफवाहें फैलाई जा रही थीं। जलते हुए ट्रकों की कई तस्वीरें साझा की जा रही थीं। एक पोस्ट में कहा गया, ''मणिपुर में स्थानीय लोगों ने भारतीय सेना के वाहनों को आग लगा दी। एक अन्य पोस्ट में कहा गया, ''मणिपुर में झड़पें चल रही हैं, लोगों ने भारतीय सेना के ट्रकों में आग लगा दी, जिसमें 22 भारतीय सैनिक मारे गए। एक और पोस्ट के अनुसार, ''स्थानीय लोगों विरोध के बाद भारतीय सेना ने मणिपुर में तेल के ट्रकों को उड़ा दिया। आलोचक सेना को आतंकवादी बल कह रहे हैं। इन अफवाहों का खंडन करते हुए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की फैक्ट चेक टीम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''पाकिस्तानी प्रचार नेटवर्क यह दावा कर रहे हैं कि भारतीय सेना के ट्रकों को आग लगा दी गई, जिससे भारतीय सेना के 22 कर्मियों की मौत हो गई। यह दावा फर्जी है। यह जानबूझकर किया गया एक दुष्प्रचार है जिसका उद्देश्य भ्रम पैदा करना और तनाव भड़काना है। हमेशा आधिकारिक और विश्वसनीय स्रोतों पर भरोसा करें। असत्यापित सामग्री साझा न करें।

# पेज एक का शेष

### उर्वरकों पर 41,533...

सकें। सरकार उर्वरक निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से डीएपी सहित पी एंड के उर्वरकों के 28 ग्रेड किसानों को सब्सिडी दरों पर उपलब्ध करा रही है। पी एंड के उर्वरकों पर सब्सिडी अप्रैल 2010 से एनबीएस योजना के तहत संचालित है। किसान हितैषी दृष्टिकोण के अनुरूप, सरकार किसानों को किफायती कीमतों पर पी एंड के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर जैसे उर्वरकों एवं इनपुट की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के ताजा रुझानों को देखते हुए, सरकार ने खरीफ 2026 के लिए फॉस्फ़ेटिक और पोटाशिक (पी एंड के) उर्वरकों, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड शामिल हैं, पर एनबीएस दरों को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। सब्सिडी स्वीकृत एवं अधिसूचित दरों के अनुसार उर्वरक कंपनियों को प्रदान की जाएगी, ताकि किसानों को उर्वरक किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए जा सकें।

### रेपो दर 5.25...

उत्पन्न अनिश्चितता आर्थिक परिदृश्य पर दबाव डाल रही है। वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है, शेयर बाजारों में व्यापक गिरावट दर्ज की गयी है, और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ गये हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति अभी नियंत्रण में है और लक्ष्य से नीचे है, लेकिन ईंधन की कीमतों में वृद्धि और मौसम से संबंधित संभावित व्यवधानों के कारण भविष्य में महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि खाद्य पदार्थों की कीमतें अभी स्थिर हैं, लेकिन भविष्य में अल नीनो जैसी परिस्थितियां जोखिम पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ''ईंधन की बढ़ती कीमतें, परिवहन लागत और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आर्थिक वृद्धि को कमजोर कर सकते हैं। सरकार ने निर्यात और आपूर्ति श्रृंखला को समर्थन देने के लिए कई कदम उठाये हैं, जिससे नकारात्मक प्रभाव कम हो सकता है। श्री मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद मजबूत है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के कारण परिस्थितियां प्रतिकूल हो हैं। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में इन जोखिमों से निपटने में कहीं अधिक सक्षम है। अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया संकट के प्रभावों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से आयातित वस्तुओं की मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वैश्विक अनिश्चितता से निवेश और खपत घट सकती है और वैश्विक विकास में कमी से निर्यात प्रभावित हो सकता है।

### भारत ने युद्धविराम...

जलडमरूमध्य के माध्यम से नौवहन की निर्वाध स्वतंत्रता और वैश्विक व्यापार का प्रवाह बना रहेगा। दूतावास ने परामर्श में कहा है, ह्लसात अप्रैल की सलाह के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों के मद्देनज़र, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे दूतावास के साथ समन्वय करके और दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र ईरान से बाहर निकल जाएँ। दूतावास ने परामर्श में स्पष्ट किया है कि किसी भी भारतीय नागरिक को दूतावास के साथ परामर्श और समन्वय के बिना किसी अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

### धर्म में अंधविश्वास क्या...

को बहुत सरल बताते हुए कहा कि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र है कि कोई चीज अंधविश्वास है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद क्या होगा, यह विधायिका का काम है, लेकिन अदालत में यह नहीं कहा जा सकता कि विधायिका का निर्णय ही अंतिम होगा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने यह भी तर्क दिया कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत यह तय नहीं कर सकती कि कोई धार्मिक प्रथा केवल अंधविश्वास है, क्योंकि अदालत के पास ऐसी विद्वत्तापूर्ण क्षमता नहीं हो सकती। उन्होंने कहा 'आप (न्यायाधीश) कानून के क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, धर्म के नहीं।' मेहता ने यह भी कहा कि नागालैंड के लिए जो धार्मिक हो सकता है, वह किसी और के लिए अंधविश्वास हो सकता है, क्योंकि समाज अत्यंत विविध है। इस पर न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि जादू-टोना को धार्मिक प्रथा का हिस्सा माना जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा? उन्होंने मेहता से पूछा कि यदि अदालत के पास अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिका आती है कि जादू-टोना की एक धार्मिक प्रथा मौजूद है, और विधायिका खामोश है, तो क्या अदालत 'खाली क्षेत्र के सिद्धांत' का उपयोग करके स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसी प्रथा को प्रतिबंधित करने का निर्देश नहीं दे सकती? सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि न्यायिक समीक्षा की जा सकती है क्योंकि यह 'स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था' के अंतर्गत आता है, न कि इसलिए कि यह अंधविश्वास है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी आवश्यक धार्मिक प्रथा को निर्धारित करते समय, अदालत को उस विशेष धर्म की फिलॉसफी के लेंस से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आप किसी अन्य धर्म के विचारों को लागू नहीं कर सकते और कह सकते हैं कि यह आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। अदालत का दृष्टिकोण उस धर्म की फिलॉसफी को लागू करना है, जो स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन हो।'

### मुद्रा योजना ने ...

शेयर किया। उन्होंने लिखा, आत्मज्ञानं समारम्भस्तितिक्षा धर्मनित्यता। यमर्था नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते? इस 'संस्कृत सुभाषितम' में कहा गया है, जो व्यक्ति अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो, आत्मनिर्भर होकर कल्याणकारी कर्म करने में तत्पर हो, विपरीत परिस्थितियों को धैर्यपूर्वक सहन करता हो और सदा सदाचार का पालन करता हो, जिसे लोभ अपने मार्ग से विचलित नहीं कर पाता, वही वास्तव में बुद्धिमान कहलाता है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मुद्रा योजना में मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और लघु उद्योग को नई शक्ति दी है। इन 11 वर्षों में इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक के 58 करोड़ लोन वितरित किए जा चुके हैं, जिससे 12 करोड़ युवा लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर भारत की निर्माण यात्रा को नई ऊर्ज़ा दे रहे हैं। हर 3 में से 2 मुद्रा ऋण महिलाओं को मिलना नारी शक्ति के स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने 8 अप्रैल 2015 को मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ किया था। योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय अर्जित करने वाली गतिविधियों के लिए आसानी से और बिना किसी जमानत के 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इच्छुक उद्यमियों को मजबूती से सहयोग देने के लिए 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 में इस ऋण की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की। यह नई सीमा 24 अक्टूबर, 2024 को लागू हुई। ये ऋण बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी), एमएफआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से दिए जाते हैं।

### दो दिन में पूरी हो ...

सुनिश्चित करते हुए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर स्व-गणना को प्रोत्साहित किया जाए। उत्तर प्रदेश में स्व-गणना पोर्टल सात से 21 मई तक उपलब्ध रहेगा, जिस पर कोई भी नागरिक अपने परिवार की जानकारी स्वयं भर सकेगा। भारत के महारजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना कार्य में अनेक अवरोध आ सकते हैं, लेकिन जिला जनगणना अधिकारी के रूप में एडीएम को देश के विकास में अपनी भूमिका को समझते हुए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। जनगणना को जन-जन की भागीदारी से जोड़ा जाए तथा इसे एक जन-अभियान बनाया जाए ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें। उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें सभी डाटा संग्रहण, प्रविष्टि, सत्यापन और निगरानी डिजिटल प्लेटफार्मों पर होगी। 22 मई से होगी मकानों की गणनाबैठक में जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 के पहले चरण में मकानों की गणना 22 मई से 20 जून के मध्य और दूसरे चरण में नौ फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 के मध्य होगी। बैठक में प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन मनीष चौहान, सचिव सामान्य प्रशासन अभिषेक प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

### कृषि को 'उत्पादन...

में लगभग 21 प्रतिशत योगदान दे रहा है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाओं का परिणाम है। कृषि को देश की आर्थिक शक्ति का आधार बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक थी, जिसका मूल कारण सशक्त कृषि तंत्र था। उन्होंने कहा कि समय के साथ किसान केवल कच्चा माल उत्पादक बनकर रह गया, जिससे आर्थिक असंतुलन पैदा हुआ और उसे कर्ज के बोझ का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने 'प्रयोगशाला से खेत तक' की पारंपरिक अवधारणा को बदलते हुए 'ज़मीन एक प्रयोगशाला है' का मंत्र दिया और कहा कि अब खेतों को ही नवाचार की प्रयोगशाला बनाना होगा। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों को इस दिशा में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को अब बाजार, मौसम और मूल्य की जानकारी सीधे उपलब्ध हो रही है। 'वन नेशन-वन मंडी' और मंडी शुल्क में कमी जैसे कदमों से किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं। गन्ना क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधिकांश चीनी मिलें 6-7 दिनों के भीतर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन का लगभग 55 प्रतिशत योगदान दे रहा है और एथेनॉल उत्पादन में भी अग्रणी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले कृषि क्षेत्र अव्यवस्था और अविश्वास का प्रतीक बन गया था, लेकिन उसके बाद सरकार ने पारदर्शी और तकनीक आधारित नीतियों के माध्यम से किसानों का विश्वास बहाल किया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रभावी खरीद और डीबीटी के जरिए सीधे भुगतान से किसानों को बड़ा लाभ मिला है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता समय की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और उर्वरकों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत कृषि व्यवस्था विकसित करना जरूरी है।

बदरीनाथ धाम में अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर कांग्रेस विधायक ने सरकार को कठघरे में किया खड़ा

# अलकनंदा नदी की धारा का प्रवाह मुड़ने से मंदिर के लिए हो सकता है खतरा : विधायक बुटोला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून, । बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखपत सिंह बुटोला ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सरकार को

कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने के कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन बदरीनाथ धाम में अभी कार्य पूरे नहीं हुए हैं। निर्माण कार्य के चलते अलकनंदा नदी का प्रवाह बदलने से मुख्य मंदिर सहित अन्य स्थलों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक लखपत सिंह बुटोला बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधामों के कपाट खुलने जा रहे हैं। कांग्रेस



विधायक बुटोला ने कहा कि वे 5 अप्रैल को बदरीनाथ धाम गये थे। चारधाम यात्रा शुरू होने में मात्र कुछ ही दिन शेष हैं, परन्तु प्राधिकरण के कराये जा रहे कार्य अभी भी अधूरे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को सीधे पीएमओ के निगरानी होने के बावजूद कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्य पूर्ण करने की समय सीमा में घोर लापरवाही देखने को मिली है। पहले ही दिन ही हजारों लोग श्रीनारायण के दर्शन के लिए आयेंगे, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक कार्य पूर्ण नहीं कराये हैं। उन्होंने कहा कि बदरीनारायण धाम में हो रहे निर्माण कार्यों की वजह से अलकनन्दा नदी की धारा का प्रवाह ब्रह्मकपाल एवं तत्व कुंड की तरफ हो गया है। जिस कारण ब्रह्मकपाल, तप्त कुंड एवं बदरी नारायण मंदिर को गम्भीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। लगभग 1.5 किमी तक अलकनन्दा नदी की चौड़ाई तीन मीटर तक कम कर दी गई है। जिससे अलकनन्दा नदी का नैसर्गिक प्रवाह खत्म किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य एवं स्थानीय लोगों को भविष्य में खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान में बद्रीनाथ प्राधिकरण ने बदरी नारायण मंदिर परिसर के चारों ओर की बसायत को तोड़कर खंडहर बना दिया हैं। काम की समय सीमा पूरी होने के बाद भी मन्दिर के चारों ओर सौन्दर्यीकरण नहीं हो पाया है। दर्शन के लिए जाने वाले पथ का निर्माण कार्य अभी तक आधा-अधूरा ही हो रखा है।

उन्होंने बताया कि देव डोली के पौराणिक रास्ते का निर्माण कार्य भी अभी तक प्रारम्भ ही नहीं हुआ है। बद्रीनारायण की पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक पंचधाराओं का रखरखाव नहीं किया जा

# भारत ने जताई उम्मीद, यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को देगा बढ़ावा पश्चिम एशिया में युद्धविराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारत ने ईरान-अमेरिका के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में दोनों पक्षों के युद्ध विराम की घोषणा करने का स्वागत किया है। भारत ने कहा है कि दुनिया इसकी बहुत कीमत चुका चुकी है और उम्मीद है कि अब यह आगे स्थाई शांति की ओर बढ़ेगा। इसके साथ ही भारत ने यह भी उम्मीद जताई है कि पश्चिम एशिया में हुए घटनाक्रम से यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के बाद प्रवक्ता ने अंतर-मंत्रालयीय दैनिक पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। हम उन सभी कदमों का स्वागत करते हैं जो शांति और स्थिरता की ओर ले जाते हैं। हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में हुआ यह घटनाक्रम यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बढ़ावा देगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हमने पहले भी कई बार कहा है, मौजूदा संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए तनाव कम करना, संवाद और कूटनीति अत्यंत आवश्यक है।

बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को भारी पीड़ा पहुंचाई है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति एवं व्यापार नेटवर्क को बाधित किया है। हम आशा करते हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार का प्रवाह जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका आखिरकार संघर्ष विराम पर सहमत हो गया। इस पर इजराइल ने भी हामी भर दी है। दोनों ने मध्यस्थ देशों का मान रख लिया और अब ईरान के साथ आमने-सामने की बातचीत की तैयारी

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन प्रहार : हरिद्वार में 258 के विरुद्ध कार्रवाई

हरिद्वार । एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देशन में पांच दिन पूर्व शुरू हुए ऋऑपरेशन प्रहारङ्क के तहत हरिद्वार पुलिस सक्रियता से कार्रवाई कर रही है।
एसएसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 3 अप्रैल से ऑपरेशन प्रहार प्रारंभ हुआ था। ऑपरेशन के अंतर्गत बीते 5 दिनों में पुलिस ने जिले भर में 137 वांछित, इनामी तथा वारंटी गिरफ्तार किये हैं। शांति भंग करने वाले 258 गुंडा तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जनपद में बाहर से आकर रह रहे लोगों का बड़े पैमाने पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।
इस अभियान के तहत सत्यापन न करने वाले 2230 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार पुलिस एक्ट के तहत 606 लोगों का चालान काटा गया है। बीते 5 दिनों मे 588 बार, पब व होटल चेक किए गए। अनियमितताएं पाए जाने पर 11 होटल मालिकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।जबकि अवैध रूप से संचालित 47 पब व होटल बंद कराए गए है। हरिद्वार पुलिस का स्पष्ट कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### केदारनाथ धाम में बर्फबारी से यात्रा तैयारियों पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

देहरादून । रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में दो दिन से लगातार रूक-रूककर बर्फबारी हो रही है, जिससे यात्रा तैयारियों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। कपाट खुलने की तिथि नजदीक होने के बावजूद मौसम का बदला मिजाज प्रशासन और कार्यदायी संस्थाओं के लिए चुनौती बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस बार धाम में बे-मौसम बर्फबारी हो रही है। जहां दिसंबर-जनवरी में अपेक्षाकृत कम बर्फ देखने को मिली, वहीं अब कपाट खुलने से ठीक पहले भारी बर्फबारी ने हालात कठिन कर दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को बाबा केदार की डोली ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान करेगी, जबकि 22 अप्रैल को कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोटी लिनचोली से धाम तक भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के चलते पूरा क्षेत्र बर्फ की सफ़ेद चादर में ढक गया है। इससे निर्माण और मरम्मत कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। सोनप्रयाग से केदारपुरी तक लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) गुप्तकाशी द्वारा यात्रा को सुगम बनाने के लिए कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं, लेकिन लगातार बर्फबारी और बारिश के कारण श्रमिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बर्फ हटाने के लिए 60 श्रमिकों की दो टीमें बनाई गई हैं। एक टीम केदारनाथ से और दूसरी छोटी लिनचोली से मार्ग साफ करने में जुटी है। मंगलवार तक करीब 4 से 5 फीट चौड़ाई में मार्ग साफ कर लिया गया था, लेकिन ताजा बर्फबारी के चलते कई स्थानों पर फिर से बर्फ जम गई है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि मौसम को देखते हुए अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती पर विचार किया जा रहा है, ताकि यात्रा शुरू होने से पहले पैदल मार्ग पूरी तरह सुचारु किया जा सके।

### फर्जी रसीद से अवैध वसूली गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

बक्सर। चौसा (बक्सर) के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोयला लदे ट्रकों से फर्जी रसीद के जरिए अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद राशि और भारी मात्रा में फर्जी रसीद बरामद की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यादव मोड़ के पास कुछ लोग ट्रक चालकों को रोककर अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर रामबचन सिंह को मौके से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दानी कुटिया स्थित पेट्रोल पंप के पास से श्याम बिहारी सिंह और पंजाबी ढाबा के समीप से सैयद शाहनवाज को भी पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से 28,900 रुपये नकद और पांच गड्डी फर्जी रसीद बरामद हुई। इन रसीदों पर उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के फ़ेफना क्षेत्रीय वन अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर अंकित पाए गए हैं।
पुलिस के अनुसार गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और ट्रक चालकों को भ्रमित कर उनसे पैसे वसूलता था। मामले की जांच जारी है।

### जहरीली शराब कांड: शराब वितरक गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण । मोतिहारी में हुई जहरीली शराब कांड में पुलिस ने एक शराब वितरक को गिरफ्तार किया है। दरअसल तुरकौलिया थानाक्षेत्र के शंकर सरैया उतरी पंचायत स्थित शेखशरण टोला गांव के मो. इलियास अंसारी का निधन विगत दिनों जहरीले शराब पीने से गया था। इस घटना का उद्भेदन स्थानीय पुलिस ने सोमवार को जहरीले शराब वितरक के गिरफ्तारी होने के उपरांत किया। बताते हैं कि रघुनाथपुर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर कचहरीयां टोला के रुपेश कुमार यादव जहरीले शराब का खेप बैरिया बाजार स्थित अंडा भुजा दुकान संचालक सुखाडी साह को दिया था। जहां सुखाडी साह के दुकान पर ही इलियास अंसारी जहरीले शराब पीकर गंभीर हो गया था। जहाँ इलाज के दौरान इलियास का निधन हो गया। इस गंभीर मामले में उत्पाद अधिनियम-22 के तहत गिरफ्तार रुपेश कुमार यादव को कांड संख्या- 181/26 में नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस बाबत स्थानीय थानाध्यक्ष सम्पत कुमार सिंह ने बताया कि सदर डीएसपी 01- दिलीप कुमार एवं सदर डीएसपी-02 जीतेश पाण्डेय के नेतृत्व में रघुनाथपुर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार स्थानीय पुलिस ने जहरीले शराब कारोबारी श्री यादव को गिरफ्तार किया। जिसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### शादियों के लिए गैस सिलेंडर बढ़ाने की उठी मांग

पौड़ी गढ़वाल। जनपद में उपभोक्ताओं ने विवाह समारोहों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। इस संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। गडोली निवासी विनोद दनोशी ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में एक परिवार को शादी के लिए केवल दो व्यावसायिक गैस सिलेंडर दिए जाते हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। पारंपरिक रूप से तीन से चार दिनों तक चलने वाले विवाह कार्यक्रमों में इतने सीमित सिलेंडरों से व्यवस्था संभालना कठिन हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि सिलेंडर प्राप्त करने के लिए 10 रुपये के शपथ पत्र की अनिवार्यता से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि शपथ पत्र बनवाने की प्रक्रिया सरल नहीं है। ज्ञापन में गैस रिफिल की समय-सीमा में असमानता का मुद्दा भी उठाया गया।

# डीयू के इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय और यूनेस्को ने मासिक-धर्म स्वास्थ्य पर पहला सर्टिफिकेट कोर्स किया लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मासिक धर्म स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय ने यूनेस्को के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से ''एम्पॉवर फ्लोः स्पॉटलाइट रेड'' नामक सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया।



इस पहल के साथ इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने वाला भारत का पहला संस्थान बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला गरिमा और सशक्तीकरण के विजन के अनुरूप इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय स्त्री शक्ति उपाध्यक्ष नयना सहस्रबुद्धे रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनेस्को नई दिल्ली शिक्षा क्षेत्र प्रमुख स्वीडन से लीना बैकर और जॉयस पोअन उपस्थित रहीं। यूनेस्को नई दिल्ली की डॉ. हुमा मसूद ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहीं। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया के नेतृत्व में किया गया, जिसकी समन्वयक डॉ. चेतना गुप्ता रहीं। मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़ियों, सामाजिक वर्जनाओं और जानकारी के अभाव को दूर करने के लिए तैयार किया गया यह पाठ्यक्रम स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक दृष्टिकोण को एक साथ लाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को ज्ञान और संवेदनशीलता से लैस करना है ताकि वे समाज में नेतृत्व कर सकें और मासिक धर्म समानता पर सार्थक चर्चा को आगे बढ़ा सकें। इस मुद्दे पर प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और संसाधनों की कमी आज भी कई युवतियों की शिक्षा में बाधा बनती है। मुख्य अतिथि सहस्रबुद्धे ने इसे एक स्वाभाविक प्रक्रिया के रूप में सामान्य बनाने और इस पर खुलकर संवाद करने का आह्वान किया।

जॉयस पोअन ने इसे सार्वजनिक शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा बताया और डॉ. हुमा मसूद ने मासिक धर्म स्वास्थ्य को संस्थागत प्रणालियों व नीतिगत ढांचे में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। देश भर के अन्य महाविद्यालयों और समुदायों तक पहुंचने की योजना के साथ, यह पहल समावेशी प्रथाओं और जागरूक समाज के निर्माण की ओर एक बड़ा कदम है। इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय और यूनेस्को की यह साझेदारी लैंगिक-संवेदनशील शिक्षा और युवा कल्याण के साझा लक्ष्यों को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमेन (आईपीडब्ल्यूसी) वर्ष 1924 में स्थापित किया गया था। सबसे प्राचीन महिला महाविद्यालयों में से एक और दिल्ली में उच्च शिक्षा का एक प्रतिष्ठित केंद्र है।

## एनएनएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'आरोग्य वन' करेगा विकसित


नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राजमार्गों के किनारे खाली जमीन पर थीम के आधार पर औषधीय पौधे लगाएगा। एनएचएआई ने इसे 'आरोग्य वन' परियोजना नाम दिया है। इसके पहले चरण में 17 भूमि खंडों पर 62.8 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 67,462 औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि इन पौधारोपणों में नीम, आंवला, इमली, जामुन, नींबू, गूलर और मौलसरी सहित 36 औषधीय गुणों वाले वृक्ष शामिल होंगे। इन्हें देश में सभी राज्यों के कृषि-जलवायु क्षेत्रों के अनुसार लगाया जाएगा। प्राथमिकता उन स्थानों को दी जाएगी जो टोल प्लाजा, वे-साइड सुविधाओं, इंटरचेंज और प्रमुख हिस्सों के पास स्थित हैं ताकि जन-जागरूकता अधिकतम हो। एनएचएआई ने बताया कि प्राधिकरण की योजना आगामी मानसून सीजन में लगभग 188 हेक्टेयर खाली भूमि पर वृक्षारोपण की योजना है। इससे राजमार्गों पर हरित गलियारों का निर्माण होगा जो पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करेंगे।

# हर ब्लॉक में पांच मॉडल गांव होंगे विकसित पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने विभागीय समीक्षा बैठक में प्रत्येक ब्लॉक में पांच मॉडल गांव विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन मॉडल गांवों के आधार पर अन्य ग्राम पंचायतों का विकास किया जाएगा। मंत्री ने ग्राम पंचायतों में ड्रेनेज और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बुधवार को विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुल 7817 ग्राम पंचायतें




हैं,जिनमें विभिन्न विकासात्मक कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों को पंचायतीराज व्यवस्था की सबसे छोटी और महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए इनके समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। थमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यों को बिंदुवार चिन्हित कर समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में लगभग पांच गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाए, जिनके आधार पर अन्य ग्राम पंचायतों का विकास किया जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों में ड्रेनेज व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण प्रबंधन को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन पंचायतों में भवन नहीं हैं, वहां पंचायत भवनों का निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष पंचायत भवन निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।

## मसूरी में 15.5 एकड़ में बनेगा प्रकृति उद्यान, पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

देहरादून । पर्यटन नगरी मसूरी में पर्यावरण संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल के तहत 15.5 एकड़ क्षेत्रफल में प्रकृति उद्यान (ईको पार्क) विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में प्रस्तावित यह परियोजना पर्यटन विकास के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित है। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि मसूरी में बढ़ते पर्यटक दबाव को देखते हुए पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन मॉडल विकसित करना आवश्यक हो गया है। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से हुसैनगंज क्षेत्र में इस परियोजना को साकार किया जाएगा।

प्रस्तावित उद्यान को प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए विकसित किया जाएगा। इसमें कृत्रिम जलाशय, वन पथ, बाल उद्यान और साहसिक गतिविधियों के लिए विशेष क्षेत्र बनाए जाएंगे। साथ ही आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, गज़ीबो, योग पथ और भोजनालय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। परियोजना के अंतर्गत स्थानीय प्रजातियों के वृक्षों और पौधों का रोपण कर जैव विविधता को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा एक लघु संग्रहालय भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें मसूरी और आसपास के क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यावरणीय विशेषताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। न्यूनतम कंक्रीट और अधिकतम स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया जाएगा ।

# सहकारिता मंत्री ने नाबार्ड के बिहार क्षेत्रीय कार्यालय का किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना । सहकारिता विभाग सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने आज राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बिहार क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर बिहार राज्य में नाबार्ड के द्वारा संचालित विभिन्न पहलों तथा राज्य में सहकारी संस्थाओं के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने मंत्री को बिहार में नाबार्ड की गतिविधियों, सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति तथा नाबार्ड के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय एवं विकासात्मक योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी । मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि नाबार्ड, वित्तीय संस्थानों को उत्पादन ऋण के समर्थन हेतु अल्पकालीन पुनर्वित्त निवेश ऋण के प्रोत्साहन हेतु दीर्घकालीन पुनर्वित्त उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड, ग्रामीण अवसंरचना विकास को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि तथा ग्रामीण अवसंरचना सहायता योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों को प्रत्यक्ष ऋण उपलब्ध कराता है। मौके पर मंत्री ने कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने नाबार्ड को निदेशित किया कि वह अपनी विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की पहुंच पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने हेतु व्यापक मीडिया प्रचार एवं जागरूकता अभियानों के साथ-साथ लाभार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद को सुदृढ़ करे। मंत्री ने नाबार्ड द्वारा सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त उपलब्ध कराने, विकासात्मक सहयोग प्रदान करने, प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण, पैक्स को विभिन्न अनुदान-आधारित योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने सहकारी बैंकों एवं पैक्स से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

# मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं की समीक्षा की, गंगा-शारदा कॉरिडोर कार्यों में तेजी के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाने और प्राथमिकता के आधार पर उन्हें आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बुधवार को उत्तराखंड निवेश और आधारभूत संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की चौथी बैठक में राज्य की प्रमुख अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूआईआईडीबी का गठन राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर बल दिया,



ताकि परियोजनाएं समयबद्ध रूप से धरातल पर उतर सकें। उन्होंने कहा कि आगामी छह माह में इन परियोजनाओं की ठोस प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परियोजना की स्पष्ट समयसीमा तय करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। शारदा कॉरिडोर के संबंध में मुख्यमंत्री ने भूमि उपलब्धता के साथ भूस्खलन की दृष्टि से क्षेत्र की संवेदनशीलता का अध्ययन कर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शारदा नदी के किनारे रिवरफ्रंट विकास और घाटों के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में आगामी हरिद्वार कुंभ को ध्यान में रखते हुए गंगोत्री से हरिद्वार तक गंगा स्वच्छता, घाटों के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063